राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 62
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 16 सितंबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 केजरीवाल की 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर रक्तदान करने की अपील
पेज 5 50 रुपए के स्टांप पेपर पर जमीन के बदले 15 लाख कर्ज, पैसा तो डूबा ही, जमीन भी हाथ से गई
पेज 7 उज्बेकिस्तान से आए तैमूर ने भारत में मचाया था आतंक, जानें क्या है समरकंद का इतिहास; दौरे पर जा रहे मोदी

## श्रीनगर में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

### सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया; बंगाल के मजदूर की हत्या में दोनों शामिल थे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम इलाके में सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें सुरक्षाबलों ने अब तक 2 आतंकियों को मार गिराया है। दोनों की पहचान पुलवामा के एजाज रसूल नजर और शाहिद अहमद के रूप में हुई। ये आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े हुए थे।



#### हथियार किए गए बरामद

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद पुलिस और जवानों ने यह संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसके बाद एनकाउंटर में दोनों आतंकी मारे गए। आतंकियों के पास से एक-च-47, 2 पिस्टल और एक ग्रेनेड बरामद हुआ। पुलिस और सेना ने लोगों से उनका साथ देने की बात कही। सेना ने कहा कि जब तक इलाके की पूरी तरह से छानबीन न हो जाए, तब तक लोग अपने घरों से बाहर न निकलें।

#### शोपियां में मारा गया था एक आतंकी

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 12 सितंबर को हेफ शिरमल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ। पुलिस और सुरक्षा बल संयुक्त रूप से आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें एक आतंकवादी मारा गया। एक सुरक्षाकर्मी भी घायल हुआ था।

#### 6 और 7 सितंबर को भी हुई थी मुठभेड़

6 सितंबर को अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस को जिले के पोशक्रीरि इलाके में आतंकवादियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस और सेना ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 2 आंतकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 30 अगस्त को ग्रेनेड अटैक हुआ। यह हमला शोपियां के मनिहाल बाटपोरा इलाके में कश्मीरी पंडित के घर पर हुआ। ग्रेनेड हिंदुओं की कॉलोनी को टारगेट कर फेंका गया था, लेकिन यह CRPF की गाड़ी पर जा गिरा। इसमें किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली थी। इससे पहले 29 अगस्त की शाम को आतंकियों ने दो अलग-अलग जगहों पर ग्रेनेड फेंका। पहला हमला बडगाम के गोपालपोरा चडूरा इलाके में किया गया, जिसमें एक नागरिक करण कुमार सिंह घायल हो गए।

## लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर भीषण हादसे में 4 की मौत

### 4 की हालत नाजुक, 30 घायल; सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर

सीतापुर। सीतापुर में नेशनल हाइवे पर हुए दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार एक ही परिवार के लोगों को पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 30 लोग घायल हैं, जिसमें 4 की हालत बेहद नाजुक है। उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।




#### मुंडन कराने जा रहे थे सभी

घटना सिधौली कोतवाली क्षेत्र की है। यहां दिल्ली नेशनल हाइवे 24 पर देर रात बारिश के चलते हादसा हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, रात तकरीबन 1 बजकर 15 मिनट पर शाहजहांपुर के रौजा से चलकर बाराबंकी के देवा शरीफ में मुंडन कराने जा रहे एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बरसात होने के चलते यात्रियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी थी कि तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 4 गंभीर घायलों को लखनऊ भेजा गया है। साथ ही सभी को सीएचसी सिधौली और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एन. पी.सिंह का कहना है कि मरने वालों में बरेली के ग्राम पड़ौरा निवासी 40 वर्षीय इजरायल और 18 वर्षीय सम्भल शामिल है। इसके साथ ही शाहजहांपुर जनपद के रौजा निवासी 12 वर्षीय हसन और 70 वर्षीय नूर मोहम्मद मृतकों में शामिल है।

## महंत नरेंद्र गिरि के कमरे से मिला 3 करोड़ कैश

### प्रयागराज में एक साल बाद खुला ताला, 50 किलो सोना भी मिला; इसी कमरे में मिला था शव

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के एक साल पूरे हो गए हैं। महंत की मौत कैसे हुई थी, अभी तक इसकी असलियत सामने नहीं आई है। गुरुवार को सीबीआई की टीम जांच के लिए प्रयागराज के अल्लापुर के मठ बाघंबरी गद्दी पहुंची। जिस कमरे में महंत की लाश मिली थी, सीबीआई ने उस कमरे का ताला खुलवाया और जांच की।

सूत्रों के अनुसार महंत के कमरे से 3 करोड़ रुपए कैश और 50 किलोग्राम सोना, हनुमान जी का सोने का मुकुट, कड़ा-बाजूबंद मिला है। ये सब एक लोहे की अलमारी में बंद थे। इसके



अलावा करोड़ों की संपत्ति के रजिस्ट्री पेपर और 9 क्विंटल देशी घी भी मिला। सुबह 11:30 बजे से सीबीआई उनके कमरे में डेरा डाले हुए है। सीबीआई के जांच अधिकारी एडिशनल एसपी केएस नेगी और सीबीआई इंस्पेक्टर की मौजूदगी में कमरे का ताला खोला गया। इस दौरान एसपी सिटी समेत कई अधिकारी भी फोर्स के साथ मौजूद रहे।

#### महंत गिरि पिछले साल कमरे में फंदे से लटके मिले थे

महंत नरेंद्र गिरि का शव 20 सितंबर 2021 को मठ के एक कमरे में फंदे से लटकता मिला था। जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस मामले में महंत नरेंद्र के शिष्य रहे आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और उनके बेटे संदीप तिवारी को अरेस्ट किया गया था। आद्या और संदीप नैनी जेल में बंद हैं, जबकि आनंद गिरि चित्रकूट जेल में बंद हैं। आनंद गिरी कई बार कोर्ट में जमानत के लिए याचिका भी दाखिल कर चुके हैं, लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली।

## मुंबई में टीचर ने बच्ची को गर्म चिमटे से जलाया

### 3 साल की बच्ची होमवर्क नहीं कर पाई; ट्यूशन टीचर ने चेहरा, घुटना, कंधा जलाया

**एजेंसी**

मुंबई। मुंबई के पनवेल में एक ट्यूशन टीचर ने 3 साल की बच्ची को गर्म चिमटे से जला दिया। घटना 8 सितंबर की है। इसका वीडियो अब सामने आया है। खारघर की एक सोसाइटी में रहने वाली 3 साल की बच्ची ट्यूशन पढ़ने गई थी। वह होमवर्क नहीं कर पाई थी इसलिए टीचर ने उसे सजा देने के लिए गर्म चिमटे से जला दिया। उसके पूरे शरीर पर कई जगह जलने के जख्म हैं। पेरेंट्स को घटना का पता बच्ची के घर पहुंचने पर चला। वे बच्ची का हाल देखकर डर गए और हॉस्पिटल लेकर गए। ट्यूशन टीचर पर पुलिस ने बाल शोषण के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

4 बजे जब उसके पेरेंट्स ने ट्यूशन क्लास में छोड़ा था, तब बच्ची ठीक थी। जब पेरेंट्स उसे लेने पहुंचे तो वह कुछ बोल नहीं पा रही थी। उसके घुटने, कंधे और चेहरे पर जलने के निशान थे।

बच्ची के साथ पढ़ने वाले दूसरे बच्चों ने बताया कि उसने अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया था, जिसके बाद टीचर को गुस्सा आ गया और उसने बच्ची को सजा दी।

### लखीमपुर में दोनों बहनों का अंतिम संस्कार हुआ

## गैंगरेप के बाद गला दबाकर मर्डर किया, फिर पेड़ से लटकाया; 6 लोग गिरफ्तार

**पिता का आरोप- गांव के ही लड़के ने अपहरण कर हत्या की**

**पिता ने बुधवार को कहा था, मैं जब घर पहुंचा तो वहां कोई नहीं मिला। मैंने आसपास के लोगों से पूछा तो मुझे घटना के बारे में पता चला। मैं भी उधर की तरफ भागा, जिधर सब गए थे। वहां मेरी बेटी के शव पेड़ पर लटके हुए थे। गांव के ही एक लड़के ने अपहरण करके मेरी बेटियों की हत्या की है।**

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर में दोनों दलित बहनों का 24 घंटे बाद गुरुवार शाम 5 बजे अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पहले परिजन नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए थे, लेकिन प्रशासन के आश्वासन के बाद परिवार वाले मान गए।

इससे पहले परिवार की मौजूदगी में दोनों लड़कियों के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। यह करीब 3 घंटे चला। 3 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया। वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गैंगरेप की पुष्टि हुई है। पहले गला दबाकर दोनों बहनों की हत्या की गई, फिर फंदे पर शव लटकाया।

#### बुधवार शाम को दोनों के शव मिले थे

दोनों बहनों के शव बुधवार शाम करीब 5 बजे एक पेड़ से लटके मिले थे। एक 7वीं और दूसरी 10वीं की छात्रा थी। उधर मां ने आरोप लगाया कि कुछ लड़के बाइक से बेटियों को



अगवा कर ले गए, फिर रेप के बाद मर्डर कर दिया। उधर, पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### पुलिस का बयान- लड़कियों-आरोपियों में पहले से पहचान थी

एसपी संजीव सुमन बोले, परिवार से लिखित शिकायत ली गई है। परिवार ने छोटू के खिलाफ नामजद शिकायत की। ये पीड़ित के गांव के पड़ोस में रहने वाला है। 3 अज्ञात लोगों का नाम दिया। जांच के बाद 3 नाम सामने आए। ये तीन लोग जुनैद, सुहैल और हफीजुर्रहमान हैं।

इन लोगों के बीच दोस्ती थी। सुहैल, जुनैद और हफीजुर्रहमान को रात में गिरफ्तार किया गया था। जुनैद को पैर में गोली लगी है। छोटू ने 3 युवकों सुहैल, हफीजुर्रहमान और जुनैद से लड़कियों का परिचय कराया था।

एसपी ने बताया, बुधवार दोपहर के वक्त तीनों बाइक से गांव आए थे। लड़कियों को बहलाकर ले गए। पहले खेत में ले गए।

वहीं रेप किया। इस वक्त छोटू वहां मौजूद नहीं था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जब लड़कियां शादी की बात पर अड़ गईं, तो उन्होंने गुस्से में लड़कियों की गला दबाकर हत्या कर दी। चुन्नी और दुपट्टे से हत्या की और शव पेड़ों पर लटका दिया। इन लोगों ने दो और लड़कों को फोन करके बुलाया। इनके नाम हैं करीमुद्दीन उर्फ छ्ष्ठ, आरिफ। ये सभी लड़के लालपुर के रहने वाले हैं।

#### मृतकों की मां ने कहा- पुलिस से शिकायत की तो पीटा गया

मां ने बताया था, बुधवार शाम 4 बजे का वक्त था। मेरी दोनों बेटियां घर के बाहर बैठी थीं। मैं भी बाहर ही नल पर बर्तन धो रही थी। अचानक बाइक पर दो युवक आए और मेरी दोनों बेटियों को बाइक पर जबरन बैठा लिया। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की। तभी बाइक सवार युवक ने मेरे पेट पर लात मार दी।

वह एक ही बाइक पर बेटियों को लेकर फरार हो गए। मैं चिल्लाई तो गांव के कई लोगों ने बाइक सवारों का पीछा किया, मगर वे पकड़ में नहीं आए। काफी देर तक तलाश की। बाद में दोनों बेटियों के शव गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक गन्ने के खेत में पेड़ से लटके मिले। रेप करने के बाद मेरी बेटियों की हत्या करके शव को फंदे पर लटका दिया।

## सोनाली फोगाट केस भाजपा ने किया टेकओवर

### गोवा पुलिस से डॉक्यूमेंट लेकर केस दर्ज किया, मामले में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार

हिसार। हरियाणा की भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट का मर्डर केस सीबीआई ने गुरुवार शाम को गोवा पुलिस से टेकओवर कर लिया। सीबीआई ने गोवा पुलिस से तमाम डॉक्यूमेंट लेकर इस संबंध में केस रजिस्टर कर लिया है। इस हत्याकांड में 5 आरोपी हैं।

वहीं गोवा के अंजुना पुलिस स्टेशन के एसएचओ प्रशल नायके देसाई का कहना है कि सीबीआई अभी उनके पुलिस स्टेशन नहीं आई। जब पुलिस स्टेशन में आकर कागजी प्रकिया पूरी करेगी, तभी उसे केस हैंडओवर किया जाएगा। सीबीआई कब आए, इस बारे में कोई सूचना नहीं है।

गोवा पुलिस ने सोनाली के भाई रिंकू की शिकायत पर उसके सुधीर सांगवान और सुखविंदर के खिलाफ हत्या और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

जबकि क्लब संचालक एडविन नुनिस, दत्ता प्रसाद और रमाकांत मासूपा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। सोनाली के परिजन इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। जिसके बाद गोवा सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर सीबीआई जांच करवाने की मांग की थी।

#### ये है पूरा मामला

सोनाली फोगाट की 23 अगस्त को गोवा में मौत हो गई थी। उस समय गोवा में उसके साथ उसका पीए सुधीर और सुखविंदर था। सुधीर ने मंगलवार सुबह 8 बजे उसके भाई को फोन करके मौत की सूचना दी।

सोनाली के परिवार का आरोप था कि सुधीर और सुखविंदर ने उसका मर्डर किया है।

सुधीर सोनाली की प्रॉपर्टी हड़पना चाहता है। इसलिए उसने सोनाली को ड्रग्स देकर हत्या की।

## दिल्ली शराब घोटाले पर भाजपा ने दूसरा स्टिंग वीडियो किया जारी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ ताजा धमाका करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को एक और स्टिंग ऑपरेशन वीडियो जारी किया और दावा किया कि पूरी नीति को घोटाले को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया था।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में वीडियो



जारी करते हुए कहा कि कथित 'घोटाला' में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाये गये आरोपियों में से एक अमित अरोड़ा ने वीडियो में 'आप' और उसकी नीति का पर्दाफाश किया है। उन्होंने कहा, कितना पैसा किससे लिया? घोटाला कैसे हुआ, इस स्टिंग वीडियो में सब कुछ उजागर हो गया है। यह सब इसमें है। उन्होंने आरोप लगाया कि घोटाले को अंजाम देने के लिए पूरी नई नीति बनाई गई है।

उन्होंने कहा, अमित अरोड़ा बता रहे हैं कि सरकार ने कमीशन तय किया था और शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल गोवा और पंजाब में चुनाव लड़ने के लिए किया गया था।

वीडियो में अरोड़ा को यह कहते हुए देखा जा सकता है कि आप सरकार ने केवल दो खिलाड़ियों को करीब 10,000 करोड़ का कारोबार दिया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि छोटे खिलाड़ियों को बाहर रखने के लिए न्यूनतम पांच करोड़ रुपये की फीस तय की गई थी। यहां तक सोचा गया था कि दिल्ली सरकार यह दावा करे कि छोटे कारोबारियों को भी मौका मिलेगा।

श्री त्रिवेदी ने कहा कि स्टिंग में जिस तरह की बातें कहीं गयीं हैं उससे साफ है कि श्री केजरीवाल दिल्ली में केवल भ्रष्टाचार की नीति अपना रहे हैं।

**चोरी पर सीनाजोरी**

**एफडी का पैसा भी बीजेपी की राज में सुरक्षित नहीं**

## देश के सबसे बड़े बैंक 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' में एफडी का पैसा गायब

**संवददाता/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े बैंक 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की अनाज मंडी शाखा में उसके ग्राहक भूपेन्द्र कुमार के पिता उदयराम ने अपने पुत्र के नाम से एक लाख की एफडी (संख्या - 32471874770) करा रखी थी जिसे वे समय-समय पर नवीनीकरण कराते रहते थे। इस बार इसकी परिपक्वता दिनांक 9/9/2022 को नियत थी, नवीनीकरण कराने के लिए वे 12 सितम्बर, 2022 को शाखा में पहुंचे तो एफडी शाखा के कर्मचारी ने बताया कि आपकी एफडी की राशि तो पहले ही निकाल ली गयी है। यह




बात सुनकर उदयराम अवाक रह गये। तत्पश्चात उन्होंने घर जाकर अपने बेटे और परिवार को इस बारे में जानकारी दी। तब भूपेन्द्र कुमार व उसके पिता उदयराम पुन: शाखा में गये। इस बारे में बैंक मैनेजर ने बडे अभद्र व्यवहार में उनसे एक प्रार्थना देने के लिए कहा। बैंक मैनेजर ने बताया कि आपके सेविंग एकाउंट (संख्या - 32470269037) से एक क्रेडिट कार्ड

### एफडी धारक से 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' बैंक के मैनेजर का रूढ़ व्यवहार

(व्यापार उन्नति) जो चार वर्षों के लिए चार्ज फ्री बनाया गया था। उसी की पैमेंट करने के लिए ऑनलाइन तरीके से एफडी एकाउंट से पैसा निकाला गया जोकि उसी क्रेडिट कार्ड को 99882 (निन्यानवे हजार, आठ सौ, बयासी) रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

जबकि इस तरह के ट्रांजेक्शन का भूपेन्द्र कुमार के रजिस्टर्ड मोबाईल पर किसी प्रकार का कोई मैसेज भी नहीं आया। अपने साथ हुई इस जालसाजी की सूचना भूपेन्द्र कुमार ने पूर्वी दिल्ली के 'साईबर क्राइम' थाने में दर्ज करा दी है।

इस प्रकार का मामला बेहद चौंकाने वाला है कि लोगों का अब पैसा बैंक में एफडी के रूप में भी सुरक्षित नहीं होगा तो कैसे होगा? इस घटना से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि इस प्रकार के अपराधों में अक्सर बैंक कर्मियों का पूरा सहयोग होता है, तभी इस प्रकार की बड़ी जालसाजी को अंजाम दिया जाता है।

## केंद्र-असम सरकार के साथ 8 आदिवासी गुटों का शांति समझौता

### गृह मंत्री अमित शाह बोले- आदिवासी संगठनों के 1,100 सदस्य हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटे

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्र और असम सरकार ने गुरुवार को असम के 8 विद्रोही आदिवासी संगठनों के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। दिल्ली में हुए समझौते के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा सरमा भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि आज आदिवासी गुटों के करीब 1,100 सदस्य हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटे हैं।

जिन 8 विद्रोही आदिवासी गुटों ने सरकार के साथ समझौता किया, उनमें



बिरसा कमांडो फोर्स , आदिवासी पीपुल्स आर्मी , ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी, आदिवासी कोबरा मिलिट्री और संथाली टाइगर फोर्स शामिल हैं। ये आदिवासी समूह 2012 यानी 10 साल पहले से ही सरकार के साथ संघर्ष विराम में हैं। सीजफायर के बाद ये सरकारी शिविरों में रह रहे हैं।

#### गृह मंत्री बोले- हमने मील का पत्थर पार किया

समझौते के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम और पूरी उत्तर पूर्व के लिए आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है।

उत्तर पूर्व को शांत और विकसित बनाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम हाथ में लिए गए हैं। आज एक बड़ा मील का पत्थर हम पार करके आगे बढ़ रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू में सशस्त्र आतंकवादी गिरफ्तार

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में पुलिस ने गुरुवार को एक आतंकवादी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित गुप्ता ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने प्लासू नाला के पास छापेमारी कर आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जफर इकबाल के रूप में की गयी है। पूछताछ में उसने बताया कि वह पाकिस्तान में आतंकवादी आकाओं के संपर्क में था। उसका भाई मोहम्मद इशाक लश्कर का आतंकवादी था और राजौरी में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। श्री गुप्ता ने बताया कि जफर के खुलासे के बाद पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम ने अंगराला के जंगल में संयुक्त अभियान शुरू किया गया था और इलाके में एक ठिकाने से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। उन्होंने कहा, जफर आतंकवादी समूहों के संपर्क में था और उसकी गिरफ्तारी से एक बड़ा आतंकी हमला टल गया। गिरफ्तारी और बरामदगी एक बड़ी सफलता है। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया गया है।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक गोपनारायण दास का निधन

बालासोर। ओडिशा में कांग्रेस के पूर्व विधायक और दिग्गज राजनीतिक नेता गोपनारायण दास का गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि श्री दास ने जब अपने गोपालगांव स्थित आवास पर बुधवार की रात सीने में दर्द की शिकायत की थी। तत्काल उन्हें जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। दिवंगत दास कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ट्रेड यूनियनों और परोपकारी संगठनों के अलावा विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों से भी जुड़े थे। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग उनके आवास पर पहुंचे।

### ओडिशा में ब्राउन शुगर, नकदी के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के खुर्दा जिले के जटनी इलाके से पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 11.80 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 1.22 लाख रुपये नकद बरामद किया है। यह जानकारी गुरुवार को पुलिस सूत्रों ने दी। जटनी पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को छापा मारकर जटनी के मधुसूदन नगर में तारिणी मंदिर के पास कुसुमति निवासी सुशांत कुमार साहू को गिरफ्तार किया। ब्राउन शुगर और नकदी के अलावा पुलिस ने उनके घर से एक मोबाइल फोन, 310 ग्राम सोने का गहना और 450 ग्राम चांदी भी जब्त किया है।

### खस्ताहाल सड़कों के निर्माण के प्रति संजीदा नहीं सरकार : नेहरा

सिरसा। हरियाणा के पूर्व शिक्षा एवं सिंचाई मंत्री चौ. जगदीश नेहरा ने प्रदेश की बदहाल सड़कों को लेकर सरकार पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की विभिन्न खस्ताहाल सड़कों को लेकर विधानसभा में अनेक विधायकों द्वारा आवाज उठाए जाने के बावजूद सड़कों का निर्माण कार्य शुरू न किया जाना हैरानी पैदा करता है जबकि खराब सड़कों के कारण लोगों की जानें जा रही हैं। श्री नेहरा ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि हरियाणा प्रदेश में लगभग 55 लाख वाहन पंजीकृत हैं। इतने वाहनों के आवागमन के लिए साफ सुथरी सड़कों की व्यवस्था जरूरी है मगर यहां हालात अलग हैं। पूरे प्रदेश की इंटीरियर सड़कें गड्ढों में तबदील हुई पड़ी हैं। कस्बों और शहरों की सड़कों का भी बुरा हाल है जिनकी वजह से न केवल लोगों के लाखों रुपए कीमत के वाहनों की क्षति हो रही है वहीं हर समय जान का खतरा भी मंडराता रहता है। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने विधानसभा में अपनी आवाज भी उठाई परंतु सरकार ने कोई संजीदगी नहीं दर्शायी।

### सियासी दबाव में नहीं होने देंगे भाखड़ा नहर पर अबूबशहर हैड का निर्माण : डांगी

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के गांव चौटाला व तेजाखेड़ा क्षेत्र में अधिक सिंचित जल सप्लाई के लिए सियासी दबाव में भाखड़ा नहर पर गांव अबूबशहर के पास प्रस्तावित हैड का निर्माण हरगिज नहीं होने देंगे। इस हैड के निर्माण से 20 गावों के किसान प्रभावित होंगे। इस सिलसिले में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल 18 सितंबर को मुख्यंमत्री मनोहर लाल के सिरसा आगमन पर मिलेगा। सरकार का रवैया ढुलमुल रहा तो क्षेत्र के किसान माननीय अदालत का भी सहारा लेंगे। उपरोक्त जानकारी गुरुवार को यहां प्रभावित गावों के किसानों का प्रतिनिधित्व कर रहे किसान नेता वेदपाल डांगी ने अन्य किसानों के साथ एक पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि डबवाली उपमंडल के गांव मौजगढ़, मसीतां, लखुआना, अबूबशहर, गिदडखेड़ा, गंगा, सुखेराखेड़ा, जंडवाला बिश्नोईयां, लंबी, कालुआना, मोडी, गोदिकां, नया राजपुरा माजरा, गोबिंदगढ़, सकताखेड़ा सहित 20 गांवों के किसान चाहते है कि प्रस्तावित अबूबशहर व चौटाला लिंक माईनर का निर्माण न किया जाए और मौजूदा व्यवस्था पहले की भांति बरकरार रखी जाए। लेकिन इसमें उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बाधा उत्पन्न कर रहे है।

### दुष्कर्म के बाद किशोरी हुई गर्भवती, पुलिस कर रही जांच

कोटा। राजस्थान में कोटा के उद्योग नगर इलाके में एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म के बाद बालिका छह माह की गर्भवती है। आरोपी 17 वर्षीय किशोर ने ही दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दी। पुलिस ने नाबालिग को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। बाल कल्याण समिति की टीम ने बालिका को बालिका गृह में अस्थाई आश्रय दिलाया है। बाल कल्याण समिति रोस्टर सदस्य मधुबाला शर्मा ने बताया कि पीड़िता 14 साल की है और 8 वीं कक्षा में पढ़ती है। काउसलिंग में पीड़िता ने बताया कि कुछ माह पहले कोचिंग जाने के दौरान मौहल्ले में रहने वाला 17 साल का नाबालिग उससे छेड़छाड़ करता था। उसे धमकता था। एक दिन देर शाम को जब वह मकान की छत पर घूम रही थी, उसी समय आरोपी अन्य छत से होता हुआ उनकी छत पर आ गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने 5-7 बार उसके साथ जबरदस्ती सम्बंध बनाए। किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। जब इस किशोरी को उसे पेट दर्द की शिकायत होने लगी एवं गत 9 सितंबर को ज्यादा दर्द होने पर परिजन उसका चेकअप करवाने हॉस्पिटल ले गए जहां सोनोग्राफी जांच में छह महीने की गर्भवती होने की रिपोर्ट आई। परिजनों के पूछने पर उसने सारी बात बता दी जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दी।

### दौसा जिले में बोरवेल में गिरी मासूम अंकिता को सुरक्षित बाहर निकाला

जयपुर। राजस्थान के दौसा जिले में बांदीकुई क्षेत्र के जस्सापाड़ा गांव में सूखे बोरवेल में गिरी करीब दो साल की अंकिता को आज शाम सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकिता के खेलते समय पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे बोरवेल में गिर जाने के बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और जेसीबी से बोरवेल के पास खुदाई शुरु की गई। अंकिता बोरवेल में करीब सौ फुट नीचे अटकी हुई थी। एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमों के भरसक प्रयत्नों के चलते करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद अंकिता को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अंकिता को बोरवेल से बाहर निकालने में एनडीआरएफ की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने अपने हिसाब से बना रखे जुगाड़ से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जस्सापाड़ा गांव में कमल सिंह गुर्जर अपने घर के आगे बने 200 फुट गहरे सूखे बोरवेल को मिट्टी से भर रहा था और करीब सौ फुट मिट्टी से भरने के बाद वह पानी पीने के लिए घर के अंदर चले गये और वहां खेल रही अंकिता बोरवेल में गिर गई। उधर जिला प्रशासन का कहना है कि जिले में जितने भी सूखे बोरवेल हैं उनका सर्वे कराकर खुले बोरवेल को बंद कराया जायेगा।

# विधायकों की खरीद-फरोख्त पर एफआईआर

## आप ने भाजपा पर आरोप लगाया, लेकिन केस अज्ञात पर

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी के एमएलए की खरीद-फरोख्त को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि 11 विधायकों ने शिकायत दर्ज कराई है।

इनमें दिनेश चड्ढा, रमन अरोड़ा, बुधराम, कुलवंत पंडोरी, नरिंदर कौर भराज, रजनीश दहिया, रूपिंदर हैप्पी, शीतल अंगुराल, मंजीत विलासपुर, लाभ सिंह उगोके और कुलजीत रंधावा का नाम शामिल है।

स्टैंडर्ड गाइडलाइंस के अनुसार जांच विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दी गई है। इसमें अहम बात यह है कि आप ने भाजपा पर आरोप लगाया था, लेकिन केस अज्ञात पर दर्ज हुआ है। इधर, अरविंद केजरीवाल ने 18 सितंबर को सभी विधायकों को दिल्ली तलब कर लिया है। सीएम भगवंत मान भी उसी दिन जर्मनी से लौटेंगे।

### विजिलेंस को सौंपे गए डॉक्यूमेंट्स और रिकॉर्डिंग

एफआईआर दर्ज होते ही आप विधायकों की शिकायत से जुड़े सभी डॉक्यूमेंट्स विजिलेंस ब्यूरो के डायरेक्टर को सौंप दिए गए हैं। आप ने कुछ कॉल रिकॉर्डिंग्स भी डीजीपी को दी हैं। इसे भी विजिलेंस को सौंप दिया गया है।

### आप बोली- 25-25 करोड़ का ऑफर दिया गया

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि भाजपा उनकी पार्टी के विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए में खरीदने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने क्के 52 विधायकों के लिए 1375 करोड़ रुपए का फंड तय किया है।

### घोटाले में फंसी तो खेल शुरू- भाजपा

भाजपा के प्रधान अश्वनी शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी बेनकाब हो चुकी है। स्कूल, सेहत, बस, एक्साइज हर जगह घोटाला किया। यह बुरी तरह फंस चुके हैं।

जनता को जवाब देना मुश्किल हो गया है। जनता को गुमराह करने के लिए मनगढंत, झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के खेल पंजाब में मत खेलिए, जनता से किए वादे पूरे करो।

### वड़िंग का चैलेंज- नाम सर्वजनिक करो

पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग ने सरकार को चैलेंज किया कि वह सारे सबूत सार्वजनिक करे। उन नेताओं के नाम बताए, जिन्होंने खरीदने की कोशिश की, जिन नंबरों से कॉल आई, उन्हें सार्वजनिक करो। अगर DGP को सबूत दे आए तो उन्हें सार्वजनिक क्यों नहीं करते ? वड़िंग ने कहा कि कई बार कहानी बनाने वाला खुद फंस जाता है ? यह भी फंस गए।

# तेलंगाना राज्य सचिवालय का नाम डॉ अम्बेडकर के नाम पर रखने का फैसला

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को राज्य सचिवालय का नाम संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री केसीआर ने इस संबंध में तेलंगाने के मुख्य सचिव को निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि भारत के नए संसद भवन का नाम भी डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री को इस संबंध में एक पत्र लिखेंगे।

इस अवसर पर ने केसीआर ने कहा, भारतीय सामाजिक दार्शनिक महामेधावी डॉ. बीआर अंबेडकर का नाम लेना तेलंगाना के लोगों के लिए गर्व की बात है। यह फैसला भारत के लिए आदर्श है। तेलंगाना सरकार डा अंबेडकर के दर्शन पर आगे बढ़ रही है। उन्होने कहा कि भारत के सभी लोगों को सभी क्षेत्रों में बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। डा बीआर अंबेडकर के विजन के साथ संविधान में अनुच्छेद 3 को शामिल करने के साथ ही तेलंगाना आज एक अलग राज्य बन गया।

तेलंगाना सरकार एससी, एसटी, बीसी, अल्पसंख्यक और महिला समुदायों के साथ-साथ गरीब उच्च जाति के लोगों को मानवीय शासन प्रदान कर रही है। बीआर अंबेडकर की संवैधानिक भावना को लागू करना हमारा उद्देश्य है।

# चंपावत व बागेश्वर जिलों की स्थापना दिवस पर धामी ने दी बधाई

नैनीताल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत व बागेश्वर जनपद की स्थापना के मौके पर गुरुवार को दोनों जनपदों की जनता को शुभकामना व बधाई संप्रेषित की है। उन्होंने प्रदेश के साथ ही दोनों जनपदों के कल्याण व विकास में अग्रणी जनपद की कामना की है। धामी ने एक बयान में कहा कि संयुक्त उत्तर प्रदेश में 15 सितम्बर, 1997 को बागेश्वर व चंपावत जनपद अस्तित्व में आये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को वर्ष 2025 में देश अग्रणी राज्य बनाना चाहती है। ऐसे में दोनों जनपदों का भी विकास भी प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार दोनों जनपदों में पर्यटन, संचार सेवा, कृषि व बागवानी के विकास पर जोर दे रही है। दोनों जनपदों में सड़क व हवाई सम्पर्क बढ़ाने के साथ ही बागेश्वर को रेल सम्पर्क से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

केन्द्र सरकार की ओर से टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना के सर्वे को हरी झंडी दे दी गयी है। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि चंपावत को भी उनकी सरकार आदर्श जिला बनाने के लिये संकल्पबद्ध है।

यहां भी सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि जल्द की दोनों जनपद विकास के क्षेत्र में प्रदेश में अग्रणी स्थान हासिल करेंगे।

# भोपाल में नौ राज्यों के 100 से अधिक जुटेंगे बुनकर

भोपाल। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव एवं आत्म निर्भर भारत अभियान में संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम लिमिटेड भोपाल द्वारा स्पेशल हैण्डलूम एक्सपों 16 से 29 सितम्बर तक भोपाल में होगा। एक्सपो विकास आयुक्त (हाथकरघा वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से भोपाल हाट अरेरा हिल्स भोपाल में किया जा रहा है। एक्सपों 14 दिन तक चलेगा। इस एक्सपों में देश के 9 राज्य उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, उडीसा, जम्मू-कश्मीर और मध्यप्रदेश के 100 से अधिक बुनकर शामिल होंगे।

# असम : ईसाई लड़की से शादी के बाद हिंदू लड़के ने धर्मपरिवर्तन से किया इनकार, पेड़ से लटका मिला शव

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के लखीमपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां, ईसाई लड़की से शादी करने के बाद धर्म परिवर्तन से इनकार करने वाला हिंदू युवक रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया है। गुरुवार को पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, युवक बिकी बिशाल का शव 12 सितंबर को जिले के ही कोइलामारी बलिजन इलाके में एक पेड़ से लड़ा मिला था। यह घटना शादी के एक हफ्ते बाद की है।

मामले को लेकर लखीमपुर के एसपी बीएम राजखोवा ने कहा, मृतक हिंदू था और उसने कुछ दिन पहले एक ईसाई लड़की से शादी की थी। यह सच है कि लड़की के परिवार से उस पर ईसाई धर्म अपनाने का मानसिक और सामाजिक दबाव था। लेकिन हमें अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उसकी हत्या की गई या उसने आत्महत्या की है।

### घटना से पहले कुछ लोग घर से ले गए थे

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक घटना से कुछ घंटे पहले बिशाल को कुछ लोग उसके घर से ले गए थे। हालांकि, पुलिस ने इस दावे को इनकार किया है। एसपी ने कहा कि यह दावा गलत है। बिशाल अपनी मर्जी से घर से निकला था। हमने उसकी मौत के लिए जिम्मेदार होने के संदेह में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और दो अन्य उन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है जो उस पर धर्म बदलने का दबाव बना रहे थे।

### सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजे गए आरोपी

गुरुवार को सभी सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां अदालत ने सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस और परिवार को शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। वहीं, पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# उत्तराखंड में 17 से आयोजित किये जायेंगे महा रक्तदान शिविर : रावत

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थित सभी रक्तकोषों (ब्लड बैंक) में रक्त (ब्लड) की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी रहे तथा किसी भी व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर आसानी ब्ल्ड मिल सके, इस उद्देश्य से केंद्र सरकार के आह्वान पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 17 सितम्बर से एक अक्टूबर तक 'रक्तदान अमृत महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून स्थित पुलिस लाइन से करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ धनसिंह रावत ने दी।

डा. रावत ने आज अपने शासकीय आवास में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में 'रक्तदान अमृत महोत्सव' की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितम्बर को प्रात: नौ बजे पुलिस लाइन, देहरादून में रक्तदान महा-अभियान का मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया प्रदेशभर में रक्तदान के लिये इच्छुक व्यक्तियों को भारत सरकार द्वारा संचालित ई-रक्त कोष पोर्टल एवं आरोग्य सेतु ऐप पर पंजीकरण करना होगा। पुलिस लाइन में आयोजित रक्तदान अमृत महोत्सव में भी रक्तदाता पंजीकरण एवं रक्तदान के लिये शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि रक्तदाता मौके पर ही अपना पंजीकरण कराने के साथ-साथ रक्तदान भी कर सकेंगे।

### ओडिशा-विधायक साहू को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

बालासोर। ओडिशा में बालासोर पुलिस ने बस्ता विधायक नित्यानंद साहू को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जाजपुर के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जाजपुर जिले के मंगलपुर थाना अंतर्गत ग्राम कटीपुर निवासी एसके मुजामिल के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि उसके खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 384,506 और 507 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधांशु शेखर मिश्रा ने कहा, जांच के दौरान, यह पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और इससे पहले उसने एक अन्य विधायक के साथ भी ऐसा ही किया था।

### कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष को ईडी ने किया तलब

बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तलब किया है। शिवकुमार ने एक ट्वीट में कहा, भारत जोड़ो यात्रा और विधानसभा सत्र के बीच उन्होंने मुझे फिर से पेश होने के लिए ईडी का समन जारी किया गया है। उन्होंने समन के समय पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह उनके संवैधानिक और राजनीतिक कर्तव्यों के निर्वहन के रास्ते में आ रहा है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं सहयोग करने के लिए तैयार हूं लेकिन इस समन का समय और मुझे जो प्रताड़ित किया जा रहा है, वह मेरे संवैधानिक और राजनीतिक कर्तव्यों के निर्वहन में आड़े आ रहा है। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में श्री शिवकुमार और अन्य चार लोगों को दो अगस्त को नियमित जमानत दी थी। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने यह भी निर्देश दिया कि आरोपी को मामले में गवाहों को प्रभावित नहीं करना चाहिए। कांग्रेस नेता के वकील दयाकृष्ण ने 30 जुलाई को तर्क दिया कि चूंकि उनके मुवक्किल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया गया है, इसलिए उन्हें नियमित जमानत दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके मुवक्किल की अंतरिम जमानत को नियमित जमानत में बदला जाना चाहिए क्योंकि वह स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं, सबूतों से छेड़छाड़ का कोई डर नहीं है क्योंकि वह सत्ता में नहीं हैं। वह सिर्फ एक विधायक हैं।

# मणिपुर में 13 उग्रवादियों ने आत्म समर्पण किया

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन के समक्ष गुरुवार को 13 उग्रवीयों ने आत्म समर्पण कर दिया।

उग्रवादियो ने प्रथम मणिपुर राइफल्स परिसर में हथियार डाले। उनमें से बारह प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के कैडर हैं और जबकि एक प्रतिबंधित संगठन केवाईकेएल का कैडर है।

बीरेन ने इस मौके पर कहा, हम उन उग्रवादियों का स्वागत करते हैं, जिन्होंने क्रूरता का रास्ता छोड़ दिया है। अब राज्य के विकास के लिए काम करने का समय आ गया है। पांच साल के भीतर उग्रवाद की समस्या का समाधान किया जाएगा।




उन्होंने कहा कि मणिपुर में 1960 के दशक से उग्रवाद से संबंधित समस्या रहा है। पिछले पांच वर्षों में यहां उग्रवादियों की ओर से हमले कम हुए हैं। राज्य में कार्यरत केंद्र सरकार की एजेंसियों को उग्रवाद की समस्या का सकारात्मक तरीके से समाधान करना चाहिए।

बीरेन ने योजनाओं और रणनीतियों के आदान-प्रदान के माध्यम से इस मुद्दे से निपटने के लिए राज्य और केंद्रीय सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त प्रयासों के महत्व पर भी बात की और कहा कि कुछ निहित स्वार्थी समूह जातीय-आधारित राजनीति खेलकर राज्य की खराब छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जनता से देश के विकास के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए आश्वासन को दोहराते हुए कहा कि उन उग्रवादियों पर एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी जो सामान्य जीवन में लौटना चाहते हैं और राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं। उनके खिलाफ तब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी जब तक कि वे एक जघन्य अपराध में शामिल न हों।

उन्होंने अन्य सभी विद्रोही समूहों से मुख्यधारा में वापस आने की अपील की।

# ट्रांसगिरि क्षेत्र को मिला जनजातीय दर्जा, अनुसूचित जाति नहीं होगी प्रभावित : सीएम जयराम ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि केवल हाटी समुदाय को ही जनजातीय दर्जा दिया गया है।

ठाकुर ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से कहा कि कुछ लोग राजनीतिक फायदे के लिए लोगों में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से किसी के बहकावे में न आने का आह्वान किया। इस विशेष दर्जे के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के लोगों के हक और अधिकारों पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ेगा और उन्हें अनुसूचित जनजाति के दर्जे से बाहर रखा गया है।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय को सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के ट्रांसगिरि क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जनजातीय आरक्षण का दर्जा मिला है। इस ऐतिहासिक निर्णय से सिरमौर जिले की 1.60 लाख से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी, जबकि 91 हजार 446 एससी को जनजाति से दूर रखा गया है।

उनके अनुसार एससी को इसमें शामिल नहीं किया गया है। एससी के अधिकार उसी प्रकार कायम रहेंगे। एससी के अधिकारों का किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 1967 में उत्तराखंड के जौनसार बाबर क्षेत्र के बाद हिमाचल प्रदेश के ट्रांसगिरि क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जनजातीय आरक्षण का दर्जा मिला है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2005 में भी प्रस्ताव केंद्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार को भी भेजा था, जिसके बाद कांग्रेस ने इस पर काम करना छोड़ दिया। अगस्त 2012 में फिर से इस पर काम शुरू हुआ। इसके बाद 2018 में वर्तमान सरकार ने इस विषय को केंद्र के समक्ष उठाया। केंद्र की तरफ से एथनोग्राफिक प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रालय को भेजा। दस मार्च 2022 को केंद्र को पत्र लिखकर हाटी समुदाय की मांग उठाई।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कारावास

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले की एक विशेष अदालत ने एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दस वर्ष की सजा सुनायी है। अभियोजन के अनुसार पीड़िता की मां ने गोसलपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह मजदूरी का काम करती है। 23 जुलाई 19 को खेत पर काम करने गयी थी। घर वापस आई तो मोहल्ले में रहने वाला लडका सतीश उसके घर के कमरे के अंदर था, देखकर वह भाग गया। बेटी से पूछने पर उसने बताया कि गलत काम किया। इस मामले प्रकरण दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया गया था।

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार का बड़ा प्रयास

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं और इन्हीं योजनाओं का परिणाम है कि अब किसान रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर जा रहे हैं। खट्टर ने कहा कि इसी सिलसिले में शुक्रवार को कुरुक्षेत्र गुरुकुल में प्राकृतिक खेती पर समीक्षा बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कहा, आज बेशक हम खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर हैं लेकिन इसके लिए हमें एक बहुत बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी है। हमने खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रासायनिक खादों, खरपतवार नाशकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किया। जिससे जमीन, जल और वायु प्रदूषित हुए। इसके साथ ही, कृषि की उत्पादन लागत बढ़ी है और उत्पादकता में कमी आई है। यही कारण है कि आज किसान विशेषकर युवा वर्ग खेती से विमुख होने लगा है।

खट्टर ने कहा , प्राकृतिक खेती समृद्धि का साधन होने के साथ-साथ हमारी धरती मां का सम्मान और सेवा भी है। इससे किसानों की लागत कम होगी और किसानों की आय पहले साल से ही बढ़ेगी।

# राजस्थान में खेल और खिलाड़ियों के लिए अपार संभावनाएं : गहलोत

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए अपार संभावनाएं बताते हुए कहा हैं कि राज्य सरकार प्रदेश में नए खेल स्टेडियम, संसाधनों और अन्य खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के जरिए प्रतिभाओं की खोज की जा रही है। गहलोत गुरूवार को भरतपुर जिले के कुम्हेर के पला गांव में ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 3106 करोड़ रूपये की धौलपुर-भरतपुर चंबल पेयजल परियोजना के लिए घोषणा की और 66.55 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

# हिमाचल में पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग से प्रतिबंध हटा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में दो माह के बाद पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिग पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया है। अब धर्मशाला, कुल्लू और मनाली में 16 सितंबर से रोमांच शुरू हो जाएगा।

प्रदेश कांगड़ा जिला में स्थित वर्ल्ड क्लास पैराग्लाइडिंग साइट पर कल से उड़ान शुरू हो रही है। बीड़-बिलिंग और धर्मशाला के इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट में कल से पर्यटक और स्थानीय लोग पैराग्लाइडिंग का लुत्फ ले सकेंगे। पैराग्लाइडिंग बरसात के कारण 15 जुलाई से 15 सितंबर तक बंद की गई थी। दो माह तक बीड़-बिलिंग और धर्मशाला इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट पर कोई पैराग्लाइडिंग नहीं हो सकी। इसके अलावा मनाली सहित अन्य साइट पर भी उड़ान पर प्रतिबंध रहा। अब यह कल से शुरू हो रही है। अभी तक पूरी तरह से मौसम खुला नहीं है, लेकिन औपचारिक तरीके से यह साइट कल आकाश में उड़ान के लिए खुल रही हैं। अभी तक बीड़ बिलिंग घाटी को बादलों ने घेरा है। यहां इंद्रू नाग पैराग्लाइडिंग साइट पर भी बादल हैं। ऐसे में सितंबर माह में पैराग्लाइडिंग छिटपुट ही हो सकेगी। अक्टूबर माह में पर्यटकों का आगमन हो जाता है और अक्टूबर माह से हवा में अठखेलियों का रोमांच चरम पर होगा। पैराग्लाइडिंग सिर्फ रोमांच का खेल नहीं है। इससे युवाओं की रोजी रोजी भी जुड़ी है। यहां पर ट्रेंड पायलटों का घर भी पैराग्लाइडिंग से चलता है। पंजीकृत पायलट पर्यटकों को टेंडम फ्लाइट करवाकर आजीविका कमाते हैं। पायलट अपने साथ एक पर्यटक को पैराग्लाइडर में बिठाता है और टेक आफ बोर्ड से लैंडिंग साइट पहुंचने तक करीब 20 से 30 मिनट हवा में सैर करवाता है। एक उड़ान में प्रति व्यक्ति से 1500 रुपये लिए जाते हैं।

इसी प्रकार साहसिक खेल गतिविधियों पर दो माह तक रोक थी। कल से ब्यास नदी की लहरों के बीच रिवर राफ्टिंग का रोमांच भी शुरू होगा। अभी तक हालांकि इसके लिए प्रशासन की ओर से आदेश जारी नहीं हुए हैं।

# दिल्ली के लोगों की जिंदगी नर्क बनाने का बीजेपी का खतरनाक प्लान

## 3 कूड़े के पहाड़ खत्म करने के बजाय दिल्लीभर में 16 नए कूड़े के पहाड़ खड़े करने की तैयारी में : मनीष सिसोदिया

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। एमसीडी से जाते-जाते भाजपा दिल्ली को 'कूड़ा नगरी' में तब्दील करना चाहती है। अपनी खतरनाक साजिश के तहत भाजपा शासित एमसीडी दिल्ली में 16 नए लैंडफिल साईट बनवाने की तैयारी कर रही है । आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को एक प्रेस-कांफ्रेंस के माध्यम से भाजपा के इस साजिश का पर्दाफाश किया। श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में जहाँ-जहाँ कूड़े के पहाड़ है वहाँ लोगों की ज़िंदगी नर्क बन गई है और अगर बीजेपी की यह साज़िश सफल हुई तो 16 नए कूड़े के पहाड़ पूरी दिल्ली को बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के शहर कूड़े के प्रबंधन का काम करती है पर दिल्ली की बीजेपी शासित एमसीडी अनूठी है। जो दिल्ली से कूड़ा खत्म करने के बजाय कूड़ा बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी के पास दिल्ली से कूड़ों के इन पहाड़ों को




खत्म करने का पूरा प्लान है। दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी को जो जिम्मेदारियां दी उन्होंने उसे बखूबी निभाई। इस बार दिल्ली की जनता दिल्ली को साफ व सुंदर बनाने के लिए एमसीडी में भी %आप% को मौका दे।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की सीमा में प्रवेश करते ही गाजीपुर,ओखला व भलस्वा में कूड़े के बड़े पहाड़ दिल्ली एमसीडी में भाजपा के 1। सालों की उपलब्धि को दिखाते है। इन तीनों कूड़े के पहाड़ों ने आसपास कई किलोमीटर तक लोगों की जिन्दगी को नर्क बना रखा है लेकिन इन पहाड़ों के कचरा प्रबंधन करने, यहां से कूड़ा खत्म करने के बजाय भाजपा शासित एमसीडी दिल्ली में ऐसे 16 नए कूड़े के पहाड़ बनाने की तैयारी में है। इन्होंने तय किया है कि ये दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर 16 नए लैंडफिल साईट तैयार करवाएंगे। जाहिर है कि इसके बाद पूरी दिल्ली जगह-जगह बस कूड़े के पहाड़ ही दिखेंगे।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में कूड़े के मौजूदा 3 पहाड़ पिछले 1। सालों में भाजपा के नाकामयाबी को दिखाते है। भाजपा ने इनके प्रबंधन के लिए तो कुछ नहीं किया लेकिन अब 16 और जगहों को नर्क बनाकर दिल्ली की जनता का जीना दुश्वार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जहाँ-जहाँ कूड़े के ये पहाड़ है वहां आसपास रहने वाले लोगों की जिन्दगी नर्क बनी हुई है। लोगों को हर समय बदबू झेलना होता है। यहां आग लगने से जो धुआं उठता है उससे आस-पास के लोगो के साथ पूरी दिल्ली प्रभावित होती है। और यदि भाजपा की दिल्ली में 16 और जगहों पर कूड़े के पहाड़ बनाने की साजिश कामयाब हो गई तो इससे पूरी दिल्ली ऐसा नर्क बन जाएगी जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।

# केजरीवाल की 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर रक्तदान करने की अपील

## दिल्ली वासियों की सुविधा के मद्देनजर दिल्ली में 50 से अधिक जगहों पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज हर भारतवासी से इस बार 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर देश और हर देशवासी के लिए रक्तदान करने की अपील की। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 28 सितंबर को अमर शहीद भगत सिंह की जयंती है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में 50 से अधिक जगहों पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। आइए हम सब भी उनकी जयंती पर



रक्तदान कर ज़रूरतमंदों की मदद करें। सीएम अरविंद केजरीवाल ने देशभर के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि संभव हो, तो रक्तदान शिविर लगाएं और जो लोग ब्लड डोनेट कर सकते हैं, वो ज़रूर करें। यह शिविर केवल आम आदमी पार्टी के लिए नहीं है, बल्कि सारी पार्टियों के लोग मिलकर ब्लड डोनेट कर शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दें। जब 130 करोड़ भारतीय इसी तरह से मिलकर काम करेंगे, तभी हमारा भारत नंबर वन बनेगा। मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल ने आज एक डिजिटल प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर कहा कि 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह का जन्म दिवस है।

इतिहास में शहीद भगत सिंह एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने पिछले 100 साल से हमारे देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरणा दी है। उन्होंने 23 साल की उम्र देश के लिए अपनी सर्वोच्च कुर्बानी दी। मात्र 23 साल की उम्र में वो देश के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। अमर शहीद भगत सिंह के बताए हुए रास्ते और उनके विचारों पर आम आदमी पार्टी और दिल्ली व पंजाब में हमारी सरकारें चल रही हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने देशभर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आइए हम सब भी मिलकर 28 सितंबर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह को एक अच्छी भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, हम उनके लिए एक बोतल खून तो दे सकते हैं। 28 सितंबर को हम सब लोग मिलकर शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्म दिवस पर बहुत बड़े स्तर पर ब्लड डोनेशन कैंप करेंगे। मेरी पूरे देश के लोगों से अपील है कि जो लोग ब्लड डोनेट कर सकते हैं, वो हर व्यक्ति ब्लड डोनेट करें। डायबिटीज और अंडर वेट समेत कुछ ऐसी कटेगरी है, जिसमें शामिल लोग ब्लड डोनेट नहीं कर सकते हैं। लेकिन पूरे देश के अंदर जो लोग ब्लड डोनेट कर सकते हैं, वो सब लोग उस दिन ब्लड डोनेट करें।

# केजरीवाल सरकार तुरंत की जाए बर्खास्तः बिधूड़ी

## स्टिंग ऑपरेशन ने खोल दी है शराब घोटाले की पोल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राष्ट्रपति से मांग की है कि केजरीवाल सरकार को फौरन बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि नया स्टिंग आने के बाद अब इस बात में कोई शक-शुबह नहीं बचा कि केजरीवाल सरकार ने शराब नीति लागू करने में हजारों करोड़ रूपयों का घपला किया और उस पैसे से पंजाब और गोवा में विधानसभा चुनाव लड़ा। केजरीवाल को अब एक पल भी अपने पद पर बने रहने का कानूनी और नैतिक अधिकार नहीं है।

बिधूड़ी ने कहा कि शराब घोटाले में आरोपी अमित अरोड़ा ने एक बार फिर केजरीवाल सरकार की पोल खोल दी है। उसने साफ तौर पर बताया है कि क्यों दो कंपनियों को सारा बिजनेस दिया गया और उन कंपनियों ने आम आदमी पार्टी को किस तरह अपने कमीशन में से हिस्सा दिया। अब यह भी साफ हो गया है कि किस-किस से कितना पैसा लिया गया। किस प्रकार से घोटाला हुआ और और किस तरह पूरी पॉलिसी घोटाले के लिए ही तैयार की गई। दिल्ली के साथ-साथ अब पंजाब की शराब नीति भी संदेह के घेरे में आ गई है और अब उसकी भी पूरी जांच की जानी चाहिए।

बिधूड़ी ने कहा कि अब तक दो स्टिंग ऑपरेशन सामने आ चुके हैं और केजरीवाल एंड पार्टी पूरी तरह बेइमान साबित हो चुकी है। इसलिए राष्ट्रपति को फौरन इस सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। दिल्ली की जनता इस भ्रष्ट सरकार को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण का मामला

जेवर। जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले किसानों की सहमति ली जानी है। जिसको लेकर किसान अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। जो जमीन देने की सहमति के लिए तैयार नहीं है।

उसी को लेकर ग्राम रन्हेरा, कुरैव, नंगला हुकम सिंह, वीरमपुर, नगला भटौना आदि गांवों के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सुरेंद्र सिंह, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, अरुनवीर सिंह, एडीएम एलए बलराम सिंह, शैलेंद्र भाटिया, उप जिलाधिकारी जेवर रजनीकांत मिश्रा के साथ ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में मीटिंग हुई।

इस मीटिंग में तय हुआ है कि जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए प्रथम चरण में विस्थापित किसानों के सभी लंबित मुद्दों को पूरा किया जाएगा। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित अधिकारियों की मौजूदगी में प्रथम चरण में किसानों को आई दिक्कतों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन किसानों ने अपनी जमीनों को इस प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए दिया। अगर उन्हें भविष्य में किसी भी परेशानी का सामना करना पड़ा तो यह मुनासिब नहीं होगा। सन 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून में प्रावधानिक सभी कानूनी और जायज़ हक किसानों को मिलने चाहिए। आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सुरेंद्र सिंह ने किसानों से कहा कि किसानों से सकारात्मक वार्ता हुई है और मैं उनके सभी मुद्दों को लेकर शासन के समक्ष रखूंगा।

### बैठक में ये लोग रहे मौजूद

इस मीटिंग में निर्दोष सिंह, बिजेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, योगेश कुमार, बनारसीदास, खचेडा सिंह, पप्पू खाँ, कुंवरपाल सिंह, हरकेश सिंह, अजीत सिंह, डनेश कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, रविन्द्र शर्मा, सतवीर सिंह, नीरपाल सिंह, ईश्वर पाल सिंह, हरीश सिंह, विजयवीर सिंह, नंदू, धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, तरूण सिंह, अमरपाल सिंह, कृष्ण सिंह, हंसराज सिंह, रामचंद्र बघेल, कलुआ शर्मा, ओमपाल व कन्हैयालाल आदि किसान मौजूद रहे।

# आचार्य लोकेशजी ने कज़ाखस्तान में विश्व के पारंपरिक धर्म प्रमुखों की सातवीं कांग्रेस को संबोधित किया

## कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति के.के. टोकायेव ने त्रिदिवसीय विश्व सम्मेलन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। कज़ाखस्तान सरकार द्वारा राजधानी अल नूर में आयोजित विश्व के पारंपरिक धर्म प्रमुखों की सातवीं कांग्रेस को जैनधर्म की ओर से अहिंसा विश्व भारती व विश्व शांति केन्द्र के संस्थापक प्रख्यात जैनाचार्य डॉ लोकेशजी ने आधुनिक दुनियाँ में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को मज़बूत करने में धर्मों की भूमिकाविषय पर संबोधित किया।

त्रिदिवसीय विश्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ लोकेश जी ने कहा कि जैन धर्म एक प्राचीन धर्म है जो सभी जीवों के सुख और विकास की बात करता है। जैन दर्शन में, प्रत्येक आत्मा में आध्यात्मिक मुक्ति तक पहुंचने की क्षमता है। यह एक बहुत ही शक्तिशाली दर्शन है क्योंकि इसका मतलब है कि मानवाधिकारों और गरिमा का सम्मान हमारे विश्वास के लिए अंतर्निहित है। हमारे साथी मनुष्यों में, हम उन आत्माओं को देखते हैं जो शुद्धिकरण के उसी विकासवादी मार्ग पर हैं जिस पर हम स्वयं हैं। प्रत्येक



आत्मा के भीतर निहित देवत्व को समझकर, एक जैन के जीने का एकमात्र तरीका प्रत्येक मनुष्य का सम्मान करना है। इसलिए इंसान को दूसरों के साथ बराबरी से रहना चाहिए। जैनियों का मानना है कि जिस तरह हमें और आपको नुकसान होने पर दर्द होता है, उसी तरह किसी और आत्मा को भी दर्द होता है। इसलिए, हमारे मुख्य सिद्धांतों में से एक अहिंसा है। और, जैसा कि महात्मा गांधी ने माना, यदि जैन सिद्धांतों का अधिक व्यापक रूप से प्रसार किया जाता है, तो लाखों मानव जीवन व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से नाटकीय तरीके से बदल जाएगा। यह वास्तव में शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य देखभाल, बाल श्रम और समाज में इन सभी अन्य समस्याओं के लिए जैन समाधान निर्धारित करने का जैन तरीका है।

आज जब हमने इस कोविड महामारी को देखा है और मानव जीवन और चेतना पर इसकी गंभीरता को समझा है, तो सभी धर्म अब अधिक खुले और परस्पर हो गए हैं। यह मानव सभ्यता का एक नया चरण है, जहां जीवन और विश्वासों का परीक्षण किया जाता है और आध्यात्मिक अभ्यास एक बड़ा स्थान रखते हैं। जैन धर्म शुरू से ही प्राकृतिक सिद्धांतों में विश्वास रखता है। जैन धर्म मूल रूप से पारिस्थितिकी का धर्म है और इसने पारिस्थितिकी को धर्म में बदल दिया है। इसने जैनियों को पर्यावरण के अनुकूल मूल्य प्रणाली और आचार संहिता बनाने में सक्षम बनाया है। जैन परंपरा में तर्कसंगतता पर जोर देने के कारण, जैन पर्यावरणीय कारणों के लिए हमेशा सकारात्मक रूप से उत्साह के साथ जुडने के लिए तैयार रहते हैं। भारत और विदेशों में, वे अधिक जागरूकता लाने और पारिस्थितिकी पर अपने प्रमुख सिद्धांतों को व्यवहार में लाने में सबसे आगे हैं। उनके कार्यक्रम साधारण रहे हैं और ज्यादातर स्वयंसेवकों के माध्यम से स्व-वित्त पोषित हैं।

कोविड के बाद, हम सहमत हैं कि हम केवल प्राकृतिक तरीकों से ही सुरक्षित रह सकते हैं, योग, जीवन शैली और वैकल्पिक उपचार चर्चा का विषय बन गए हैं। जैन धर्म में ऐसी मान्यता है कि जड़ वाली कोई भी चीज न खाएं, सूर्यास्त के बाद भोजन न करें, केवल वही खाएं जो आपकी हथेलियों में आए और अपने कार्यों से एक भी जीव को कभी न मारें।

# सतीश उपाध्याय ने 'इंजीनियर दिवस' कार्यक्रम में भाग लिया

## उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए अभियंताओं को सम्मानित भी किया

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** इंजीनियरों को हमारे समाज के स्तंभ के रूप में देखा जाता है, जो हमें बेहतरीन बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं; यह बात उपाध्यक्ष, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) श्री सतीश उपाध्याय ने आज दिल्ली इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में केदारनाथ साहनी सभागार, सिविक सेंटर, दिल्ली में आयोजित इंजीनियर दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए कही।

इस अवसर पर सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के इंजीनियरों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के रूप में सम्मानित भी किया गया। अपने भाषण में, श्री उपाध्याय ने कहा कि हमने वर्षों से इंजीनियरों की भूमिका को विकसित होते देखा है इसलिये भारत में 15 सितंबर को इंजीनियर दिवस मनाया जाता है । उन्होंने कहा कि भारत हर साल इंजीनियर पैदा करता है । आज इंजीनियर दिवस पर देश भर के उन इंजीनियरों को बधाई, धन्यवाद और सम्मान जिन्होंने असाधारण परिणाम दिखाए हैं और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह दिन हमारे जीवन में इंजीनियरों के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। आज के कार्यक्रम में श्री मंगू सिंह, प्रबंध निदेशक - दिल्ली मेट्रो रेल निगम, श्री आदेश गुप्ता - अध्यक्ष दिल्ली- भाजपा, श्री अश्विनी कुमार, आईएएस- विशेष अधिकारी- एमसीडी, श्री सिद्धर्तन, राज्य महासचिव (संगठन) - भाजपा, अभियन्ता शलभ कुमार-अध्यक्ष, अभियन्ता परम यादव-महासचिव, अभियन्ता के पी सिंह- उपाध्यक्ष, अभियन्ता टी.आर.मीना, अभियन्ता आर एस यादव, अभियन्ता अरुण कुमार, संयुक्त सचिव - अभियन्ता आर राजेश वर्मा, अभियन्ता आर ए पी खान, अभियन्ता एन के तोमर, अभियन्ता वाई के त्यागी, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य, सह-ऑप्ट सदस्यों के साथ-साथ डीडीए, एमसीडी, डीजेबी, एनडीएमसी, डीएसआईआईडीसी, पीडब्ल्यूडी, डीयूसीआईबी के अभियंता और निजी क्षेत्रों के अभियंताओं ने भी भाग लिया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

## ग्रेटर नोएडा में मिग्सन बिल्डर की साइट पर जमकर किया हंगामा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में मिक्सन बिल्डर की साइट पर किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। इस दौरान किसान यूनियन के कार्यकर्ता बिल्डर के साइट ऑफिस में पहुंच गए और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर के द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है और एक ही फ्लैट को 2 लोगों को बेचा जा रहा है उसी को लेकर लोगों के द्वारा प्रदर्शन किया गया।

किसान एकता संघ के युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वनीस प्रधान ने बताया कि पिछले साल मैने एक विला मिग्सन में बुक किया था। उन्होंने कई बार मुझसे पैसे मांगे जो कि मैंने जमा कर दिए ।

करीब 35 लाख रुपये वो एडवांस में दे चुके है ।उसके बाद मैंने लोन के लिए अपने कागजात भी मिक्सन के ऑफिस में दे दिए। लेकिन जब मैं यहां आया तो मुझे पता चला कि यहां पर काम चल रहा है मैंने पूछा तो पता चला कि मेरा विला तो किसी और के नाम अलॉट हो चुका है। वनीस प्रधान ने बताया कि जब उन्होंने कंपनी के जनरल मैनेजर से इस बारे में बात की तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा बुक किया हुआ 117 नम्बर विला किसी अन्य के नाम पर अलॉट हो गया है ।35 लाख रुपये देने के बाद उन्होंने खुद को ठगा महसूस किया और उसके बाद किसान यूनियन को इसकी जानकारी दी।

### जमकर किया हंगामा

गुरुवार को किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता इकठा होकर मिग्सन की साइट पर पहुचे और जमकर हंगामा काटा ।इस दौरान यह लोग ऑफिस में घुस गए और धरने पर बैठ गए। बिल्डर द्वारा एक दिन का समय इन लोगों को दिया गया ।उन्होंने कहा कि जल्द ही आपका समाधान कर दिया जाएगा।

### बायर्स के साथ किया जा रहा है धोखा

किसान एकता संघ के प्रदेश महासचिव सतीश कनारसी ने बताया कि बिल्डर के द्वारा निवेशकों के साथ धोखा किया जा रहा है। मिग्सन बिल्डर का अलॉटमेंट कैंसिल हो चुका है लेकिन उसके बावजूद भी यह लोगों को अपने फ्लैट बेच रहा है।

# दिल्ली सरकार के स्कूलों की बढ़ सकती है मुसीबत, एलजी ने दी जांच की मंजूरी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्रांच को दिल्ली सरकार के एक स्कूल के चार उप-प्रधानाध्यापकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की अनुमति दे दी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि फर्जी अतिथि शिक्षकों के माध्यम से कथित धन घोटाले को लेकर जिन चार अध्यापकों के खिलाफ जांच को मंजूरी



दी गई है, उनमें से दो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उपराज्यपाल कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने दिल्ली के मानसरोवर पार्क स्थित सरकारी उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय में फर्जी (घोस्ट) अतिथि शिक्षकों के नाम पर एक अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 के बीच सरकारी धन का घोटाला किया है। एक अधिकारी ने बताया, नवंबर, 2018 में हुए ऑडिट में स्कूल में अतिथि शिक्षकों के मानदेय बनाने के बिल में गड़बड़ी और अनियमितताएं सामने आयीं, और उसमें सरकारी धन में गड़बड़ी की रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि यह मामला 4.21 लाख रुपये की गड़बड़ी का है। उन्होंने दावा किया कि संदेह है कि अनियमितताओं का यह मामला दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब 25,000 संविदा शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़े घोटाले का अंश मात्रा हो। अधिकारियों ने बताया कि गड़बड़ियां और अनियमितताएं पहली बार नवंबर, 2018 में ऑडिट के माध्यम से सामने आयीं, बाद में प्रारंभिक जांच में यह सत्य पायी गयीं जिसके बाद मामला एसीबी को सौंप दिया गया। इसके बाद एसीबी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अनुमति का अनुरोध किया था।

# शार्ट न्यूज

## पीछे बैठे लोगों को सीट बेल्ट लगाने के लिए कम से कम 1 माह जागरूक अभियान चलाएं दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली ग्राम पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश ने दिल्ली में कारों में पीछे बैठे लोगों को सीट बेल्ट नहीं लगाने पर दिल्ली पुलिस ने चालान काटना शुरू कर दिया है ।इस पर पंचायत संघ के पंच प्रमुखों की बैठक बुलाई गई इसमें परिवहन मंत्रालय व दिल्ली पुलिस से मांग की है कि पहले दिल्ली में जाम फ्री सड़के करें । रेड लाइट सिंगनल ठीक करें । फुटपाथ अवैध कब्जों से खाली कराएं और पीछे बैठे लोगों को सीट बेल्ट लगाने के लिए कम से कम 1 माह जागरूक अभियान चलाएं । उसके बाद ही चालान काटे यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र में भी चलाया जाए दूसरी ओर ऑटो और बसों में भी सीट बेल्ट नहीं है और जो कैब स्कूलों में लगी है वह कैसे सीट बेल्ट लगाएंगे ।दिल्ली में सड़कों पर अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर से ज्यादा नहीं है और मध्यम वर्ग ओर ग्रामीण क्षेत्र के लोग आपात समय में 6 ,7 लोग यात्रा करते हैं उसमें पीछे बैठे सभी को सीट बेल्ट लगाना संभव नहीं होगा। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, पंच प्रमुख सुरेश शौकीन ने कहा कि हम इसका विरोध नहीं करते हैं लेकिन सभी पहलुओं को देखते हुए एकदम चालान काटना ऐसा होगा जैसा कोरोना महामारी में मास्क लगाना ।यह नियम एकदम हाईवे पर लागू कर देना चाहिए जहाँ गाड़ियों की रफ्तार बहुत अधिक होती है ।ओर हाईवे पर चलने वाली सभी गाड़ियों पर ,बसों पर भी तुरंत लागू करें जहाँ दुर्घटना होने की संभावना ज्यादा रहती है ।

## 12 साल की बच्ची ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, परिवार सदमे में

नोएडा। लिवर सिरोसिस बीमारी से पीड़ित एक 12 साल की बच्ची ने बुधवार को सेक्टर 52 माता कॉलोनी स्थित अपने घर में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीमारी को लेकर बच्ची पिछले कई महीनों से तनाव में थी। राम रतन नाम के व्यक्ति अपने परिवार के साथ सेक्टर 52 स्थित माता कॉलोनी में किराए पर रहते हैं। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। उनकी एक 12 साल की बेटी मुस्कान उर्फ सोनाक्षी थी। दोपहर को परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। इसी बीच मुस्कान ने घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राम रतन शाम को कमरे से बाहर आए तो बेटी का शव फंदे से लटका का था। तभी मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सेक्टर 24 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेक्टर 24 थाना प्रभारी ने बताया कि मुस्कान पिछले कई साल से लीवर सिरोसिस की बीमारी से जूझ रही थी। इसको लेकर वह पिछले कई महीने से तनाव में थी। परिजनों ने बताया कि बीमारी से परेशान होकर बच्ची ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस को मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## दो साल से अवैध तरीके से भारत में रह रहा था चीनी नागरिक, पुलिस ने किया डिटेन

नोएडा। भारत में अवैध रूप से रह रहे 34 साल के चीनी नागरिक को गौतमबुद्धनगर पुलिस की स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) ने हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बुधवार क बताया कि चीनी नागरिक का वीजा दो साल पहले खत्म हो गया था। संदिग्ध को दिल्ली के डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। एलआईयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चीनी नागरिक की पहचान झांग लियांग के रूप में हुई है। वह पिछले दो साल से सेक्टर 112 में किराए पर रह रहा था। लियांग 2019 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था और यहां अपने बिजनेस का संचालन कर रहा था। अधिकारी ने कहा, उसका वीजा दिसंबर 2020 में खत्म हो गया था लेकिन वह नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने देश वापस नहीं लौटा। उसने 2021 में वीजा बढ़ाने के लिए आवेदन दिया जिसे खारिज कर दिया गया था। उसे दिल्ली के एक डिपोर्टेशन सेंटर भेज दिया गया है और संबंधित एजेंसियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। इस साल 22 अगस्त को भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में जिले से 15 चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। एलआईयू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 26 मई से 14 सितंबर के बीच करीब 50 चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और उन्हें निर्वासन केंद्रों में भेजा गया है। इन नागरिकों को इसलिए हिरासत में लिया गया क्योंकि वे अपने वीजा की अवधि खत्म होने के बाद जिले में अवैध रूप से रह रहे थे।

## 12 मोबाइल के साथ तीन झपटमार गिरफ्तार

नोएडा। फेस 3 थाना पुलिस नेश गुरुवार को सेक्टर 64 मेट्रो लाइन के साथ से बाइक सवार तीन शातिर मोबाइल झपटमारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के 12 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गई। आरोपियों की पहचान विनीत पुत्र सतीश कुमार गाजियाबाद, सिद्धार्थ पुत्र अरविन्द सेक्टर 63ए ब्लाक नोएडा, और प्रिंस पुत्र भगवान दास लठ्ठराम कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी ई-रिक्शा और ओटो में बैठी सवारियों की जेब से फोन निकाल बीच रास्ते में उतरकर भाग जाते थे। पुलिस ने तीनों आरोपी के खिलाफ 443/22 और 411/414 धारा में मुकदना दर्ज कर जेल भेज दिया।

## लोगों ने रबूपुरा बिजलीघर का घेराव किया

रबूपुरा। बोरिंग करते समय करंट लगने से घायल तीन मजदूरों को मुआवजा दिलाने के लिए ग्रामीणों ने गुरुवार को रबूपुरा बिजलीघर का घेराव किया। एसडीओ के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और धरना-प्रदर्शन खत्म किया। ग्रामीणों के मुताबिक तीन दिन पहले गांव कुरैब में किसान के घर बोरिंग करते समय तीन मजदूर बिजली का करंट लगने से घायल हो गए थे। उस समय विभाग की तरफ से मजदूरों के इलाज के लिए सहायता राशि देने का वादा किया गया था। हादसे के तीन दिन गुजरने के बावजूद विभाग के अधिकारियों ने मजदूरों की सुध तक नहीं ली। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन (कृषक शक्ति) के प्रदेशाध्यक्ष रोहित चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को रबूपुरा बिजलीघर का घेराव किया। ग्रामीणों ने तीनों मजदूरी को मुआबजे के तौर पर आर्थिक सहायता की मांग की। सूचना मिलने पर विभाग के एसडीओ पुष्पराज सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ही ग्रामीण शांत हुए।

## देर रात को ड्यूटी के दौरान दरोगा की मौत

दादरी। दादरी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आजायपुर चौकी पर तैनात एक दरोगा की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार रात मौत हो गई। दरोगा देर रात क्षेत्र में गश्त के बाद चौकी पर पहुंचे थे। प्राथमिक अनुमान में मौत का कारण हार्ट अटैक आना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद बागपत के छपरौली निवासी धीर सिंह दादरी कोतवाली की आजायपुर चौकी पर तैनात थे। बुधवार रात करीब दो बजे धीर सिंह क्षेत्र में गश्त करने के बाद पुलिस चौकी पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद दरोगा को ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धीर सिंह 1983 में सिपाही के पद पर यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। प्रोन्नति के बाद दरोगा के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में रात को ही मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक आना लग रहा है।

## डिवाइडर से कूदी किशोरी को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

नोएडा। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास डिवाइडर से कूदी किशोरी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में बाइक सवार के खिलाफ थाना सेक्टर-49 में शिकायत दी है। बरौला गांव में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी सिमरन सेक्टर-78 स्थित सोसाइटी में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। वह बुधवार रात को सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास घर जा रही थी।

# संपादकीय

## गरीबों पर बोझ : महंगाई की मार

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के खुदरा मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़े गंभीरता से इस बात की तस्दीक करते हैं कि कीमतों में बढ़ती तेजी नीति निर्माताओं के लिए अभी भी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। खासकर उस स्थिति में, जब वे एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को महामारी से उपजी मंदी से अधिक टिकाऊ तरीके से उबारने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ( सीपीआई ) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर अंतरिम रूप से सात फीसदी हो गई, जोकि जुलाई में 6.7 फीसदी थी। ऐसा तब हुआ जब उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक द्वारा मापी गई खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी की दर जुलाई के 6.69 फीसदी से 93 आधार अंक बढ़कर 7.62 फीसदी हो गई। और ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थों की कीमतों और समग्र मुद्रास्फीति, दोनों, में महीने-दर-महीने क्रमश: 0.88 फीसदी और 0.57 फीसदी की बढ़ोतरी की वजह से वहां के उपभोक्ताओं के कंधों पर असंगत तरीके से महंगाई का बोझ अधिक पड़ा है। जबकि तुलनात्मक रूप से, शहरी इलाकों में खाद्य पदार्थों की कीमतों और समग्र मुद्रास्फीति में महीने-दर-महीने क्रमश: 0.50 फीसदी और 0.46 फीसदी की बढ़ोतरी रही है। चिंता की खास बात यह है कि अनाज - हर घर के मुख्य अनाज - की कीमतों में मुद्रास्फीति पिछले महीने की 6.9 फीसदी की दर से बढ़कर 9.57 फीसदी हो गई है। कीमतों में महीने-दर-महीने इजाफे की 2.4 फीसदी की रफ्तार निराशाजनक रही। इस साल धान की खरीफ बुवाई के रकबे में पिछले साल की तुलना में कमी और बारिश के असमान वितरण की वजह से फसलों के उत्पादन की तस्वीर थोड़ी और अधिक धुंधली बनने के मद्देनजर केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में गैर-बासमती चावल के निर्यात पर शुल्क एवं अन्य प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद इस 'बेहद महत्वपूर्ण' खाद्य श्रेणी में मुद्रास्फीति का परिदृश्य बहुत ज्यादा आश्वस्त करने वाला नहीं है। दरअसल 12 में से आठ खाद्य पदार्थों की कीमतों में क्रमिक मूल्य वृद्धि देखी गई है। यही आठ खाद्य पदार्थ संयुक्त रूप से मिलकर सीपीआई की खाद्य और पेय श्रेणी का निर्माण करते हैं। उधर, सब्जियों की कीमतों में ( 13.2 फीसदी की साल-दर-साल और 2.5 फीसदी की महीने-दर-महीने ) और डेयरी की कीमतों में ( 6.39 फीसदी की साल-दर-साल और 0.9 फीसदी की महीने-दर-महीने ) की बढ़ोतरी देखी गई है। यही दो अन्य महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ हैं, जिन्होंने मुद्रास्फीति को तेजी से बढ़ने योगदान में दिया है। वित्त मंत्रालय ने जोर देकर कहा है कि प्रमुख सामानों की मुद्रास्फीति में इजाफा हल्का है। यहां तक कि उसने खाद्य और ईंधन की कीमतों को क्षणिक घटक करार देकर खाद्य पदार्थों की बढ़ी कीमतों से उपजे दबाव की अहमियत को कम करने की कोशिश की। उसने कीमतों को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए उन कदमों की ओर भी इशारा किया, जो आने वाले हफ्तों में मुद्रास्फीति पर काबू पाने में मदद कर सकते हैं। उसने उदाहरण के तौर पर तेल एवं वसा और दालों को दो ऐसे वस्तुओं के रूप में पेश किया, जिसकी कीमतें केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से कम होने लगी हैं। हालांकि, दालों और उससे बने उत्पादों की कीमतों में महीने-दर-महीने 1.7 फीसदी की तेजी आई है। कीमतों में यह तेजी सिर्फ मसाले, अनाज और सब्जियों में क्रमिक महंगाई की रफ्तार से थोड़ी ही पीछे है। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन और व्यक्तिगत देखभाल सहित सेवा श्रेणी की कीमतों में भी क्रमिक वृद्धि देखी गई है क्योंकि इन सेवाओं की मांग में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। इन सेवाओं के प्रदाताओं के सामने संभलकर आगे बढ़ने की चुनौती होगी ताकि कीमतों में तेजी से इजाफा करके खपत में फिर से कमी को दावत न दी जाए। नीति निर्माताओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के एक पूर्व गवर्नर के कथन पर ध्यान देना मुफीद होगा, जो यह दोहराते नहीं थकते कि 'बढ़ती कीमतों से पैदा होने वाले दबावों पर लगाम लगाना ही सबसे अच्छा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है' क्योंकि गरीबों के पास 'महंगाई की मार से बचने का कोई उपाय नहीं होता' ।

## गौवंश पर कहर बरपा रहा लंपी वायरस

**मनोज कुमार अग्रवाल**

अधिकारिक तौर पर देशभर में करीब 70 हजार गौवंश की जान लंपी वायरस ने ले ली है। हालांकि कुछ जानकार इस संख्या से दो गुना गौवंश की मौत का दावा कर रहे हैं। हरियाणा राजस्थान गुजरात बिहार महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आंध्रप्रदेश समेत 16 राज्यों में लंपी की आमद दर्ज हो चुकी है। अब राजधानी दिल्ली में भी इस बीमारी से संक्रमण के 173 मामले दर्ज किए गए हैं। पूर्व तक इसके 12 राज्यों में फैले होने की बात कही जा रही थी, अब केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के हवाले से बताया गया है कि 16 राज्यों में बीमारी दस्तक दे रही है। संभव है कि देश के बाकी हिस्सों में भी यह बीमारी फैल जाए क्योंकि यह संक्रामक है और इस को रोकने में काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। राजस्थान राज्य लंपी वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है। बताया जा रहा है कि लंपी वायरस से प्रभावित कई राज्यों में मृत मवेशियों के शव दफनाने की जगह कम पड़ गई है।लंपी यहां कहर बन कर गौवंश की जान लील रहा है। चिकित्सीय जानकारी के अनुसार लंपी स्किन बीमारी एक वायरल रोग है। यह वायरस पॉक्स चेचक परिवार का है।लंपी स्किन बीमारी मूल रूप से अफ्रीकी बीमारी है और अधिकांश अफ्रीकी देशों में है. माना जाता है कि इस बीमारी की शुरुआत जाम्बिया देश में हुई थी, जहां 1929 में यह बीमारी दक्षिण अफ्रीका में फैल गई।वहीं साल 2012 के बाद से यह तेजी से फैली है। हालांकि हाल ही में इस बीमारी के संक्रमण के मामले यूरोप, रूस, कजाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन, भूटान , नेपाल और भारत में पाए गए हैं। लंपी स्किन बीमारी मुख्य रूप से गौवंश को प्रभावित करती है।देसी गौवंश की तुलना में संकर नस्ल के गौवंश में लंपी स्किन बीमारी के कारण मृत्यु दर अधिक है। इस बीमारी से पशुओं में मृत्यु दर 1 से 5 प्रतिशत तक है।रोग के लक्षणों में बुखार, दूध में कमी, त्वचा पर गांठे, नाक और आंखों से स्राव आदि शामिल हैं। इस रोग के प्रसार का मुख्य कारण मच्छर, मक्खी और परजीवी जैसे जीव हैं. इसके अतिरिक्त, इस बीमारी का प्रसार संक्रमित पशु के नाक से स्राव, दूषित फीड और पानी से भी हो सकता राजस्थान में लंपी का सबसे भयानक रूप देखने को मिल रहा है। राज्य में 58 हजार से अधिक मवेशियों की मौत इस वायरस की वजह से हो चुकी है।केंद्र सरकार के साथ मिलकर राज्य सरकारें इसकी रोकथाम के लिए कदम उठा रही है, लेकिन इस बीमारी से जान गंवाने वाले मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजस्थान सरकार ने लंपी बीमारी को महामारी घोषित करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। कई राज्यों में इस बीमारी के बढ़ते मामले अब किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। यह बीमारी गायों को तेजी से संक्रमित कर रही है और उनकी मौत का कारण बन रही है. लंपी वायरस धीरे-धीरे एक महामारी की तरह फैल रहा है। आलम यह है कि इससे संक्रमित होने वाली 10 फीसदी से अधिक गायों की मौत हो रही है।अगर कोई एक जानवर इस बीमारी से संक्रमित हो रहा है है तो दूसरा भी उसकी चपेट में आ रहा है। एक संक्रमित गाय या मवेशी के शरीर पर मौजूद घाव पर बैठने वाली मक्खी, मच्छर के जरिए लंपी वायरस एक से दूसरे जानवर तक संक्रमण बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के अनुसार लंपी बीमारी से निपटने के लिए सभी राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाने के लिए दिल्ली में कंट्रोल रूम शुरू कर दिया गया है।इसके जरिये अधिकारी राज्य के अधिकारियों के साथ सलाह-मशविरा कर रहे हैं. सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैक्सीन उत्पादन को बढ़ाने की कोशिशों को लेकर इसके निर्माता से बातचीत की गई है।रूपाला ने कहा कि राजस्थान का हाल जानने के लिए वह भी वहां गए थे और प्रदेश सरकार का पूरा सहयोग किया जा रहा है।

# क्या है, क्यों बनाया गया, क्या किसी भी संपत्ति पर कर सकता है अपना दावा?

**अभिनय आकाश**

वक्फ धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए ईश्वर के नाम पर दी गई संपत्ति है। कानूनी दृष्टि से इस्लाम को मानने वाले व्यक्ति द्वारा किसी भी चल या अचल संपत्ति को मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए स्थायी समर्पण।

बेटी की शादी हर मां-बाप के जीवन का एक बेहतरीन सपना होता है। वे अपनी बेटी की शादी के लिए पैसे जमा करने लगते हैं, उनकी शादी धूम-धाम से करने के अरमान पालने लगते हैं। लेकिन हुआ कुछ ऐसा की एक व्यक्ति न राजगोपाल ने अपनी बेटी की शादी के लिए पैसे जुटाने की आस में अपनी जमीन का एक टुकड़ा बेचने की कोशिश की। लेकिन पता चला ही जमीन तो उसकी है ही नहीं। केवल इतना ही नहीं आस-पड़ोस में रहने वाले किसी भी इंसान की जमीन पर उसका हक है ही नहीं! ऐसा क्यों? क्योंकि एक बोर्ड ने न केवल एक व्यक्ति बल्कि पूरे के पूरे गांव की जमीन को अपना बताया। ये कोई काल्पनिक कहानी नहीं। बल्कि शाश्वत सत्य है। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां मुस्लिम वक्फ बोर्ड खुद को पूरे गांव का %मालिक% बता रहा है। वक्फ बोर्ड के पूरे गांव के मालिक होने का एक चौंकाने वाला मामला तब सामने आया जब एक स्थानीय व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी के लिए अपनी जमीन बेचने की कोशिश की। राजगोपाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जमीन के सारे दस्तावेज हैं लेकिन जब उन्होंने इसे बेचना चाहा तो रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि यह वक्फ बोर्ड का है और इसे बेचने के लिए उन्हें इससे अनुमति लेनी होगी। ऐसे में आज बात हम वक्फ बोर्ड की करेंगे और इसके साथ ही बताएंगे कि क्या किसी भी जमीन पर ये बोर्ड अपने मालिकाना हक का दावा कर सकती है।

### वक्फ क्या है?

वक्फ धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए ईश्वर के नाम पर दी गई संपत्ति है। कानूनी दृष्टि से इस्लाम को मानने वाले व्यक्ति द्वारा किसी भी चल या अचल संपत्ति को मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए स्थायी समर्पण। सरल शब्दों में कहे तो धार्मिक कार्य के लिए किया गया कोई भी दान। ये दान पैसा या संपत्ति हो सकता है। इसके साथ ही अगर किसी संपत्ति को लंबे वक्त तक धर्म के काम में इस्तेमाल किया जा रहा हो, तो उसे भी वक्फ माना जा सकता है। अगर कोई एक बार किसी संपत्ति को वक्फ कर देता है तो उसे फिर वापस नहीं लिया जा सकता है। वक्फ एक सतत इकाई होगी। एक गैर-मुस्लिम भी वक्फ बना सकता है लेकिन व्यक्ति को इस्लाम कबूल करना होगा और वक्फ बनाने का उद्देश्य इस्लामी होना चाहिए।

### वक्फ का कंसेप्ट?

वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 3 (आर), %वक्फ% को मुस्लिम कानून द्वारा धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी चल या अचल संपत्ति के किसी भी व्यक्ति द्वारा स्थायी समर्पण के रूप में परिभाषित करती है। इंडिया टाइम्स की रिपोर्ट की मानें तो सरल शब्दों में वक्फ एक संपत्ति है जिसका उपयोग धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इस्लामी कानून में एक वक्फ संपत्ति स्थायी रूप से अल्लाह को समर्पित है और एक बार एक संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर दिया जाता है, यह हमेशा के लिए वक्फ रहता है, यह दर्शाता है कि एक वक्फ प्रकृति में स्थायी, अविभाज्य और अपरिवर्तनीय है। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की साइट के अनुसार, वक्फ एक स्वैच्छिक, स्थायी, अपरिवर्तनीय समर्पण है जो किसी के धन के एक हिस्से-नकद या अल्लाह को समर्पित है। एक बार वक्फ का हो जाने के बाद, यह कभी उपहार में नहीं मिलता, विरासत में नहीं मिलता या बेचा नहीं जा सकता। यह अल्लाह का है और वक्फ का कोष हमेशा बरकरार रहता है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, वक्फ भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत स्थापित एक ट्रस्ट के समान है।

### वक्फ कैसे शासित होता है?

भारत में वक्फ वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा शासित होते हैं। अधिनियम के तहत एक सर्वेक्षण आयुक्त स्थानीय जांच, गवाहों को बुलाने और सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके वक्फ के रूप में घोषित सभी संपत्तियों को सूचीबद्ध करता है। वक्फ का प्रबंधन एक मुतावली द्वारा किया जाता है, जो पर्यवेक्षक के रूप में कार्य करता है। यह भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत स्थापित एक ट्रस्ट के समान है, लेकिन ट्रस्टों को धार्मिक और धर्मार्थ उपयोगों की तुलना में व्यापक उद्देश्य के लिए स्थापित किया जा सकता है। एक स्थापित ट्रस्ट को वक्फ के विपरीत बोर्ड द्वारा भी भंग किया जा सकता है।

### वक्फ बोर्ड क्या है?

वक्फ अधिनियम 1954 अपनी तरह का पहला अधिनियम था। अधिनियम ने केंद्रीय वक्फ परिषद की शुरुआत की। लेकिन अधिनियम में कई संशोधन (1959, 1964, 1969, 1984) हुए क्योंकि इसमें कई अड़चनें थीं। अंत में वक्फ अधिनियम, 1995 को 22 नवंबर, 1995 को अधिनियमित और लागू किया गया। इस अधिनियम ने केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड की स्थापना की। जब भी कोई कोई मुस्लिम अपनी संपत्ति दान कर देता है तो उसकी देखरेख का जिम्मा वक्फ बोर्ड के पा ही होता है। वक्फ बोर्ड के पास दान दी गई किसी भी संपत्ति पर कब्जा रखने या उसे किसी और को देने का अधिकार होता है। वक्फ का काम देखने वालों को मुतावली कहा जाता है। प्रत्येक राज्य में एक वक्फ बोर्ड होता है, जिसके एक अध्यक्ष होता है। राज्य सरकार की ओर से एक या दो नामित व्यक्ति, मुस्लिम विधायक और सांसद, राज्य बार काउंसिल के मुस्लिम सदस्य और इस्लाम के जानकार होते हैं। वक्फ बोर्ड के पास संपत्ति का प्रशासन करने और किसी वक्फ की खोई हुई संपत्तियों की वसूली के लिए उपाय करने के लिए कानून के तहत , बिक्री, उपहार, बंधक, विनिमय या पट्टे के माध्यम से वक्फ की अचल संपत्ति के किसी भी हस्तांतरण को मंजूरी देने की शक्तियां हैं। हालांकि, मंजूरी तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि वक्फ बोर्ड के कम से कम दो तिहाई सदस्य ऐसे लेनदेन के पक्ष में मतदान न करें।

### क्या बोर्ड किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित कर सकता है?

वक्फ के अध्यक्ष के किसी भी एकतरफा दावे का कोई कानूनी मूल्य नहीं होगा या मुस्लिम समुदाय को बाध्य नहीं करेगा। वक्फ एक्ट 1995 की धारा 40 के मुताबिक, अगर वक्फ को कोई ऐसा कारण लगता है कि ये संपत्ति वक्फ की है, तो बोर्ड उन्हें नोटिस भेज सकता है। एक सवाल ये भी उठता है कि क्या बोर्ड किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित कर सकता है? तो इसका जवाब भी वक्फ एक्ट की धारा 3 में मिलता है। इसमें लिखा है कि उसी संपत्ति को वक्फ घोषित किया जा सकता है, जो मुस्लिम लॉ की ओर से मान्यता प्राप्त किसी धार्मिक या चैरिटेबल काम के लिए दान में दी गई हो।

### वक्फ बोर्ड के मामले पर कोर्ट का क्या कहना है?

भारत के पास विश्व में वक्फ भूमि का सबसे बड़ा रकबा है। सच्चर समिति द्वारा 2006 में किए गए अनुमानों के अनुसार, लगभग 4.9 लाख पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं जिनमें लगभग छह लाख एकड़ भूमि शामिल है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य (तब) लगभग 1.20 लाख करोड़ रुपये था। वक्फ संपत्तियों के रूप में अकेले महाराष्ट्र में 92,000 एकड़ जमीन थी।

बार एंड बेंच के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड राजस्थान बनाम जिंदल सॉ लिमिटेड में कहा था कि समर्पण या उपयोगकर्ता के किसी भी सबूत के अभाव में, एक जर्जर दीवार या एक मंच को नमाज़ या नमाज़ अदा करने के उद्देश्य से धार्मिक स्थान का दर्जा नहीं दिया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य हालिया आदेश में कहा गया है कि धार्मिक और पवित्र उद्देश्य के लिए समर्पित भूमि राज्य में निहित होने से अछूती नहीं है। वक्फ बोर्ड अनुच्छेद 12 के तहत राज्य का हिस्सा है। बोर्ड के पास जमीन को वक्फ संपत्ति घोषित करने की शक्ति थी लेकिन इस तरह के किसी भी अभ्यास के लिए पूरी तरह से जांच और दूसरे पक्ष की सुनवाई की आवश्यकता है। वर्तमान मामले में अधिनियम की धारा 40 के तहत ऐसी कोई जांच नहीं की गई थी और इसलिए अधिसूचना को कानून में खराब करार दिया गया था।

**- अभिनय आकाश**

## कार्यस्थल पर आप के साथ कुछ गलत होता है तो चुप न रहें

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

क्या आप अपने कार्यस्थल पर खुद को सुरक्षित अनुभव करती हैं? आफिस में काम करते समय ऐसे कितने क्षण होते हैं, जब आप असहजता का अनुभव करती हैं? यह असहजता काम के कारण नहीं, आप के साथ काम करने वाले मेल मेम्बर्स की ओर असहज लगे इस तरह का बर्ताव अनुभव हुआ हो, ऐसा कितनी बार हुआ है? स्त्री के रूप में आप बाहर काम करने निकलती हैं तो आप को अक्सर इस तरह की घटनाओं का सामना करना पड़ता है, साथ नौकरी करने वाले पुरुष कलीग से बात करने में अक्सर ऐसा लगता है कि वह आप की आंखों में देख कर बात करने के बजाय शरीर के अन्य हिस्से को देख कर बात कर रहा है। इस तरह का बर्ताव आफिस में लगभग हर स्त्री को अनुभव होता है। इस बात को एक उदाहरण से समझिए।

कृपा को नौकरी की जरुरत थी। उसने दो-तीन लोगों से कह रखा था, जिससे उसे नौकरी मिलने में मदद मिल सके। कुछ दिनों बाद उसके एक परिचित ने फोन किया और वह जहां काम करता था, वहां इंटरव्यू के लिए बुलाया ।

कृपा को वहां नौकरी मिल गई। वह वहां नौकरी करने लगी। बाद में जिस व्यक्ति ने उसकी नौकरी की सिफारिश की थी, वह उसे बारबार अपने पास बुलाता और बिना मतलब की बातें करता रहता। शुर-शुरू में तो कृपा उसका सम्मान करते हुए जाती रही, पर कुछ दिनों बाद कृपा की अपने डिपार्टमेंट के लोगों से दोस्ती हो गई तो उसने उस व्यक्ति के पास जाना बंद कर दिया। बिना किसी मतलब के किसी दूसरे डिपार्टमेंट में सिर्फ बातें करने जाना उसे अच्छा नहीं लगता था। वहां जाओ और बैठ कर सिर्फ बातें करो तो लोग कुछ अलग ही नजरों से देखने लगते थे। कृपा को यह सब वीअर्ड लगता था। उसने वहां जाना बंद कर दिया तो उस व्यक्ति ने कृपा के डिपार्टमेंट के एक्सटेंशन नंबर पर फोन कर के उसे अपने डिपार्टमेंट में बुलाया। कृपा ने कहा, शरद जी अभी मेरे पास काम है। इसलिए मैं अभी नहीं आ सकती। कोई अर्जेंट काम हो तो फोन पर ही बता दीजिए। शरद ने कहा, काम तो कुछ नहीं है। बस, मन में आया कि चलो साथ बैठ कर चाय पीते हैं। हम इधर काफी दिनों से मिले भी नहीं हैं। सोचा, इसी बहाने मिल भी लेंगे। कृपा ने कहा, फिर कभी जब समय मिलेगा, साथ बैठ कर चाय पी लेंगे।

इस बात को दो दिन बीत गए। दो दिन बाद फिर शरद ने कृपा को फोन कर के अपने डिपार्टमेंट में बुलाया। कृपा ने फिर मना किया तो शरद ने कहा, कृपा यहां नौकरी मैं ने तुम्हे दिलाई है। तुम मेरा एहसान मानने के बजाय इस तरह मेरी इंसल्ट कर रही हो।

तुम्हारी जगह कोई दूसरी लड़की होती तो मेरा यह एहसान कभी न भूलती। शरद की यह बात सुन कर कृपा थोड़ी देर के लिए अवाक रह गई। उस समय उसने अपनी गलती तो स्वीकार कर ली, पर वह खुद को इसके लिए दोषी मानने लगी। उसे लगा कि उसकी जरूरत पर काम आने वाले के साथ उसने ठीक नहीं किया। उसने शरद के पास जा कर सॉरी कहा। उस दिन इट्स ओके कहने के लिए अचानक शरद ने उसका हाथ पकड़ लिया। कृपा के लिए यह स्पर्श नार्मल नहीं था। स्त्री के रूप में वह स्पर्श का इरादा समझती थी।

### क्या कहते हैं आंकड़े

ऐसी तमाम महिलाएं होंगी, जो कार्यस्थल पर अक्सर मेल मेम्बर्स की ओर से असहज बर्ताव का अनुभव करती होंगी, पर किसी न किसी कारणवश आवाज नहीं उठा पातीं। अनेक भय के कारण स्त्री यौन शोषण या असहज बर्ताव के सामने आवाज नहीं उठा पाती। हमारे देश में 48 प्रतिशत स्त्रियां कार्यस्थल पर यौन शोषण या असहज बर्ताव का शिकार होती हैं। इस 48 प्रतिशत में से 70 प्रतिशत स्त्रियां शोषण के खिलाफ आवाज नहीं उठातीं। कार्यस्थल पर स्त्रियां अगर यौन शोषण का शिकार होती हैं तो इसके लिए हर कार्यस्थल पर एक ऐसी कमेटी बनी होती है, जिसके अंतर्गत स्त्रियां शिकायत दर्ज करा सकती हैं।


## उत्तराखंड के इन हिल स्टेशन की खूबसूरती हैं लाजवाब, आप भी घूम आएं एक बार

**मिताली जैन**

देवदार के पेड़ों के साथ यह उत्तराखंड का एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। रानीखेत का अर्थ है रानी की भूमि और यह अपने नाम को एकदम सार्थक करती हैं। यह उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित है और मौसमों में आप यहां की खूबसूरती को निहार सकते हैं। क्या आपने वीकेंड पर कहीं बाहर जाने का प्लॉन बनाया है? क्या आप वीकेंड पर कुछ एडवेंचर्स करना चाहते हैं? क्या आप छुट्टी के दौरान प्रकृति की खूबसूरती को करीब से निहारना चाहते हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है तो ऐसे में आपको उत्तराखंड के हिल स्टेशन जाना चाहिए। यहां पर आप कैम्पिग से लेकर ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग, स्कीइंग, योग, ध्यान आदि काफी कुछ कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको उत्तराखंड के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन के बारे में बता रहे हैं, जो आपको एक अलग ही एक्सपीरियंस देंगे-

यह उत्तराखंड का एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है। यहां पर आप अपने पार्टनर से लेकर दोस्तों यहां तक कि सोलो ट्रिप की योजना भी बना सकते हैं। आप दक्षिण में शिवालिक पर्वतमाला और दून घाटी की एक झलक देख सकते हैं। आप कैमल्स बैक रोड में टहलने जा सकते हैं या केम्प्टी फॉल्स देख सकते हैं या माल रोड से शॉपिंग कर सकते हैं। देवदार के पेड़ों के साथ यह उत्तराखंड का एक बेहतरीन हिल स्टेशन है। रानीखेत का अर्थ है रानी की भूमि और यह अपने नाम को एकदम सार्थक करती हैं। यह उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित है और मौसमों में आप यहां की खूबसूरती को निहार सकते हैं। नैनीताल यूं तो एक छोटा सा शहर है, लेकिन पूरे उत्तराखंड में पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक है। आप यहां पर बोटिंग का आनंद ले सकते हैं या नैनीताल के बाजारों में शॉपिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, नैना देवी मंदिर और स्नो व्यूपॉइंट को भी अवश्य देखें।

## आओ रक्तदान अमृत महोत्सव मेगा अभियान में भागीदारी से रक्तदान कर जीवनदान का संकल्प लें



रक्तदान जीवनदान है - स्वैच्छिक रक्तदान के लिए मेगा अभियान शुरू करना सराहनीय कार्य - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - भारत में प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानवता के लिए रक्तदान कर जीवन में रक्त के लिए संघर्ष करने वाली जिंदगियों को बचाना होता है। बड़े बुजुर्गों की कहावत है दर्द उसे होता है जिसे ठोकर लगती है, भावार्थ यह कि किसी भी वस्तु का सटीक मूल्य वह जान सकता है जो इसके लिए तड़पा हो। यहां बात हम रक्त की करें तो अस्पतालों, ब्लड बैंक में हमने कई बार मरीजों के परिजनों को रक्त के लिए भटकते देखा है। इसके अभाव में कई मरीजों की मृत्यु की खबरें भी हम मीडिया के माध्यम से सुनते हैं। चूंकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2022 स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक रक्तदान अमृत महोत्सव के रूप में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए मेगा अभियान शुरू कर डेढ़ लाख यूनिट कलेक्शन करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें एक लाख यूनिट के आसपास 17 सितंबर को ही पूर्ण करने की जिज्ञासा है। संयोग से उस दिन हमारे माननीय पीएम का जन्मदिन भी है इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से रक्तदान पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम रक्तदान अमृत महोत्सव मेंगा अभियान की करें तो, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की ओर से भेजे गए पत्रमें उल्लेख किया गया है कि इस अभियान का नारा होगा -रक्तदान एकजुटता का कार्य है, प्रयास में शामिल हों और जीवन बचाएं।सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाओं में अभियान आयोजित करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है,17 सितंबर, 2022 को एक व्यापक रक्तदान शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस गतिविधि का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं से एक दिन में करीब एक लाख यूनिट रक्त एकत्र करना है। इसमें भारत सरकार के सभी मंत्रालयों व विभागों, राज्य व केंद्र सरकारों, देश के नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं, विभिन्न गैर सरकारी और समुदाय आधारित संगठनों और अन्य हितधारकों को शामिल करने की योजना है।17 सितंबर को व्यापक रक्तदान शिविर के बाद, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 1 अक्टूबर, 2022 यानी राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक रक्तदान अभियान जारी रहेगा।

साथियों बात अगर हम रक्ततदान अमृत महोत्सव में एक डेटाबेस बनाने की करें तो, अभियान के तहत लोग भारी संख्या में ब्लड डोनेट करेंगे, इसका पूरा डेटा संभाल कर रखा जाएगा, आरोग्य सेतु ऐप पर रक्तदान के लिए पंजीकृत लोगों का डेटा ई ब्लड बैंक वेब पोर्टल के माध्यम से अभियान चलाने वाले ब्लड बैंकों और संगठनों के लिए सुलभ बनाया जाएगा, एक डेटाबेस बनाने की भी हो रही है तैयारी हो रही है। जानकारी के मुताबिक भारत के पास ब्लड यूनिट को स्टोर करने की पर्याप्त क्षमता है। उम्मीद है कि भारत विश्व रिकॉर्ड बना सकता है, लेकिन यह लोगों द्वारा रक्तदान पर निर्भर करता है। मीडिया जानकारी में आया है कि, हम रक्तदाताओं को प्रेरित करने और एक डेटाबेस बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे बार-बार दानकर सकें अनुमानत: इस अभियान के पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य है कि समाज में एकजुट होकर लोग एकजुट इस नेक काम में अपनी भागीदारी दें।

साथियों बात अगर हम ब्लड बैंक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की करें तो, ब्लड डोनेशन के इच्छुक लोग ब्लड बैंक पोर्टल पर रजिस्टर करा सकते हैं। आरोग्य सेतु ऐप पर भी इसके लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय पहले दिन ही 80 हजार यूनिट से ज्यादा ब्लड इकट्ठा करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेगा। हमने पिछले साल भी माननीय पीएम के जन्मदिन पर एक ही दिन में 2.5 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया था।

साथियों बात अगर हम रक्तदान के महत्व और वक्त के अलग अलग प्रकारों की करे तो, रक्तदान जीनवदान है। हमारे द्वारा किए गए रक्तदान कई जिंदगियां बचा सकती है। डॉक्टरों का मानना है कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पीएम के जन्मदिन के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के लिए एक मेगा अभियान शुरू किया हैं। रक्त के अलग-अलग प्रकार - लाल रक्त कोशिकाओं पर एक और एंटीजन मौजूद होता है और इसे आरएच कारक के रूप में जाना जाता है। अगर हमारे खून में आरएच मौजूद है तो इसे प्लस कहा जाता है और यदि आरएच नहीं है तो इसे माइनस कहा जाता है। तो, आठ अलग-अलग प्रकार के खून होते हैं, जो ए प्लस, ए माइनस, बी प्लस, बी माइनस, एबी प्लस, एबी माइनस, ओ प्लस और ओ माइनस हैं।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 14 सितंबर 2022 को किए गए ट्वीट की करें तो, मानवता के लिए रक्तदान। 17 सितंबर से रक्तदान अमृत महोत्सव शुरू होने जा रहा है। आज ही आरोग्य सेतु ऐप पर पंजीकरण करके दान करें या ऑफिशियल साइट पर जाकर रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करें। आइए इस अभियान में अपनी भागीदारी से रक्तदान कर जीवनदान करने का संकल्प लें। रक्तदान जीनवदान है। हमारे द्वारा किए गए रक्तदान कई जिंदगियां बचा सकती है। डॉक्टरों का मानना है कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वैच्छिक रक्तदान के लिए एक मेगा अभियान शुरू किया गया है।

## विकट बाढ़ की करुण कहानी नदियों का संन्यास लिखा है

विकट बाढ़ की करुण कहानी
नदियों का संन्यास लिखा है
बूढ़े बरगद के वल्कल पर सदियों
का इतिहास लिखा है

क्रूर नियति ने इसकी किस्मत से
कैसा खिलवाड़ किया है
मन के पृष्ठों पर शाकुंतल अधरों
पर संत्रास लिखा है

छाया मदिर महकती रहती गोया
तुलसी की चौपाई
लेकिन स्वप्निल स्मृतियों में सीता
का वनवास लिखा है

नागफनी जो उगा रहे हैं गमलों में
गुलाब के बदले
शाखों पर उस शापित पीढ़ी का
खंडित विश्वास लिखा है

लू के गर्म झकोरों से जब पछुआ
तन को झुलसा जाती
इसने मेरे तनहाई के मरुथल में
मधुमास लिखा है

## शार्ट न्यूज

### स्कूल आने-जाने के दौरान युवक को दिल दे बैठी छात्रा, गर्भवती होने पर वाले फरार हो गया आरोपी

जौनपुर। यूपी के जौनपुर जिले के थाना मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र स्थित एक गांव में नाबालिग छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकाययत में पड़ोसी गांव के युवक द्वारा शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने और गर्भवती होने के बाद उसे छोड़कर फरार होने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा है। करीब एक वर्ष पहले स्कूल आने-जाने के दौरान उसकी मुलाकात पड़ोसी गांव के एक युवक से हो गई। दोनों की गहरी दोस्ती होने पर युवक ने शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया तो किशोरी ने इनकार किया। तब युवक ने शादी का झांसा दिया फिर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। गर्भवती होने पर आरोपी ने उसे गर्भपात के लिए बाजार से दवा लाकर खिला दी, लेकिन दवा कारगर साबित नहीं हुई। फिर किशोरी ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने इनकार कर दिया और घर छोड़कर फरार हो गया। तहरीर के मुताबिक इस वजह से पीड़िता मानसिक रूप से परेशान हो गई। बिना किसी को बताए वह घर से लखनऊ चली गई। वहां से सीतापुर पहुंच गई। बाद में किसी तरह से वह घर वापस लौटी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक और थाने में प्रार्थनापत्र देकर प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में थानाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि उन्हें पीड़िता की तहरीर मिली है। इस पर कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सीतापुर में एनएच पर भीषण हादसा, चार लोगों की मौत, 30 घायल

**सीतापुर।** सीतापुर में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग घायल हुए हैं जिनमें चार लोगों की हालत गंभीर है जिन्हें सिधौली सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ट्रैक्टर ट्राली में 40 लोग सवार थे। यह दर्दनाक हादसा सिधौली कस्बे में बस स्टेशन के सामने बुधवार की रात करीब एक बजे हुआ। जनपद हजहांपुर के थाना रौजा अंतर्गत हतौड़ा गांव से 40 लोग ट्रैक्टर-ट्राली से देवा शरीफ जा रहे थे। रात करीब एक बजे यह लोग सिधौली पहुंचे। यहां चाय-नाश्ता करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही बस स्टेशन की ओर मुड़ी तभी सीतापुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी सिधौली ले जाया गया, जहां चार लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है, अन्य घायलों का इलाज किया गया।

### सपा, बसपा, कांग्रेस का भविष्य खत्म, 25 साल तक सत्ता में रहेगी भाजपा : मौर्य

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को दावा किया कि प्रदेश में विपपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है, ऐसे में अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बलबूते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 25 साल तक सत्ता में रहेगी। मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस का भविष्य समाप्त होने की वजह इन दलों का भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ये तीनों दल भ्रष्टाचार के जनक हैं। जनता ने इनके भ्रष्टाचार से तंग आकर ही इनके भविष्य पर ताला डाल दिया है। उन्होंने अपराध और भ्रष्टाचार के मामलों में हो रही कार्रवाई को सही बताते हुए कहा, विरोधी तिलमिलाते रहें, सरकार भ्रष्टाचारियों को नहीं बख्शेगी। हम भ्रष्टाचार व गरीबी से मुक्त भारत बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा में पार्टी कार्यालय, मंदिर के समान होता है और उस मंदिर का भगवान कार्यकर्ता है। इन्ही समर्पित कार्यकर्ताओं के संगठन की बदौलत ही भाजपा सरकार में है।

### बरेली : फर्जी प्रमाण पत्रों से अग्निवीर में भर्ती का प्रयास, दो गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में सेना के जाट रेजीमेंट केन्द्र में चल रही 'अग्निवीर रिलेशन कोटा भर्ती' में दो युवकों को फर्जीवाड़ा करने पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि सेना में भर्ती के लिये आगरा निवासी अरुन खान अपना नाम धर्मराज रखकर पहुंच गया। उसके एक अन्य साथी फाल सिंह ने अपना नाम रंजीत रख लिया और फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे सेना में भर्ती होने पहुंच गया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान बायो मीट्रिक जांच में दोनों की पोल खुल गई और असलियत सामने आ गई। सेना इंटेलिजेंस ने दोनों संदिग्ध को बुधवार की देर शाम बरेली कैंट पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ के बाद एफआईआर दर्ज कर दोनों को आज जेल भेज दिया गया है। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि बरेली में जाट रेजीमेंट सेंटर भर्ती के दौरान इन दो जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड, पहचान पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र और फर्जी जाति प्रमाण पत्र मिला है। दोनों के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी भर्ती हुई थी उसमें भी दोनों फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भर्ती होने आए थे। सेना इंटेलिजेंस नेटवर्क इन दोनों के पाकिस्तान और अन्य क्षेत्रों से संदिग्ध संपर्क होने की संभावना की गोपनीय जांच करने में जुटा है।

### लखीमपुर खीरी मामले ने खोली उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की पोल : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने लखीमपुर खीरी में दो दलित बहनों की हत्या के मामले को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि इस घटना से राज्य में कानून व्यवस्था की हकीकत सामने आ गयी है। मायावती ने ट्वीट कर कहा, लखीमपुर खीरी में माँ के सामने दो दलित बेटियों का अपहरण व दुष्कर्म के बाद उनके शव पेड़ से लटकाने की हृदय विदारक घटना सर्वत्र चर्चाओं में है, क्योंकि ऐसी दु:खद व शर्मनाक घटनाओं की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम। यूपी में अपराधी बेखौफ हैं क्योंकि सरकार की प्राथमिकताएं गलत। उन्होंने राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था के सरकार के दावों को खोखला बताते हुए कहा, यह घटना यूपी में कानून-व्यवस्था व महिला सुरक्षा आदि के मामले में सरकार के दावों की जबर्दस्त पोल खोलती है। हाथरस सहित ऐसे जघन्य अपराधों के मामलों में ज्यादातर लीपापोती होने से ही अपराधी बेखौफ हैं। यूपी सरकार अपनी नीति, कार्यप्रणाली व प्राथमिकताओं में आवश्यक सुधार करे। गौरतलब है कि लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र में बुधवार को एक खेत में दो सगी नाबालिग बहनों के शव पेड़ से लटके मिले थे। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों का गिरफ्ततार किया है।

### बेल्जियम के पर्यटक से लूट का मामला निकला फर्जी

आगरा। आगरा में बेल्जियम के पर्यटक से लूट के मामले में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। अपने आपको बेल्जियम को नागरिक बताने वाला युवक गोवा का निकला। उसने पुलिस को लूट की फर्जी कहानी बताई थी। पुलिस की जांच में उसकी कहानी की सच्चाई सामने आ गई। पर्यटक ने पुलिस से अपनी गलती के लिए माफी भी मांगी है। पुलिस अब युवक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। मंगलवार शाम करीब छह बजे एक युवक सदर थाने पहुंचा था। उसने पुलिस को बताया कि वो बेल्जियम का नागरिक है। उसका नाम सेवियर है। ताजमहल देखने आया था। आईएसबीटी से उसने फाइव स्टार होटल में जाने के लिए ऑटो किया था। मगर, ऑटो चालक उसे होटल ले जाने के बजाए सुनसान रोड पर ले गया। कैंट स्टेशन के पास उसने अपने दो साथियों को बुलाकर उसके साथ लूट कर दी। उसने आठ हजार यूरो, लैपटॉप और कैमरा लूटने की बात कही थी। बेल्जियम के पर्यटक से लूट की खबर पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पर्यटन थाने में मुकदमा दर्ज कर एसओजी, क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी। युवक से क्राइम सीन के बारे में जानकारी ली। सीसीटीवी फुटजे भी चेक किए गए। कैंट स्टेशन के पास भी सीसीटीवी में कोई आटो नहीं दिखा।

# गांव में ही मिलेंगी 243 प्रकार की सेवाएं

## सीएम योगी ने बताया कैसे बदल रहे ग्रामीण इलाके

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्राम सचिवालय में कम्प्यूटर दिए गए हैं और वाईफाई की सुविधा है। इससे 243 प्रकार की सेवाएं ग्रामीणों को मिलेंगी। इससे ग्रामीणों को कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। गांव के विकास कार्यों में पारदर्शिता लानी है। सभी भुगतान को पारदर्शी तरीके से करने के लिए फाइनेंसियल मैनजेमेंट सुविधा का उपयोग करना है। स्मार्ट पंचायत की परिकल्पना को साकार करना है। ढांचागत व्यवस्था सड़क पेयजल, शिक्षा, खेलकूद की व्यवस्था करनी है। हर ग्राम पंचायत में यह सब हो सकता है। जनभागीदारी के माध्यम से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

सीएम योगी गुरुवार को लखनऊ में पंचायती राज विभाग की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की 58 हजार ग्राम पंचायत यूपी में हैं और देश की ग्रामीण पँचायत का 23 फीसदी यूपी में है। हमें



इनका विकास करते हुए आत्मनिर्भर बनाकर स्मार्ट विलेज् करना है। हमें डिजिटल इंडिया का उपयोग करते हुए काम करना है। जीडीपी में ग्रोथ करनी है तो हाई स्पीड इंटरनेट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। अभी यूपी में करीब 32 फीसदी ही इंटरनेट और वाईफाई की सुविधा का उपयोग कर रहे हैं।

प्रदेश में 4600 स्वास्थ्य केंद्र हैं और 2017 से पहले यहां डॉक्टर नहीं थे। हमने यहां डॉक्टर दिए। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को हम निचले स्तर तक पहुंचा पा रहे हैं। हमने आरोग्य मेले की शुरुआत कराई है। कैसे हम तकनीक को अपना सकते हैं। हमने हेल्थ एटीएम की सुविधा शुरू कराने का काम किया है। टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से हम इसका लाभ ले सकते हैं। यूपी में हमने ये करके दिखाया है।

जनभागीदारी के मध्यम से हम यह काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायत में ग्रामीण सचिवालय बनाया है। सभी 58 हजार पंचायत में यह काम किया गया है। पँचायत सचिव तैनात किए गए हैं। बीसी सखी की सुविधा दी गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिल सके।

सीएम योगी ने कहा कि हर गांव में बेहतर कनेक्टिविटी हो, डिजिटल इंडिया का भरपूर उपयोग हो, शौचालय हों स्ट्रीट लाइट हों यह काम करके हमने दिखाया है। आज हर जगह स्वच्छता है। अब कहीं कोई खुले में शौच के लिए नहीं जाता है। ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को सुविधा दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसेफेलाइटिस से पूर्वी यूपी में लोगो को बचाने का काम किया गया है। इसमें हमने अच्छी सफलता पाई है।

कहा कि हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। गांव के जलस्तर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। ग्राम पंचायत में अतिरिक्त जमीन होती है तो कैसे उसका उपयोग करते हुए बेहतर काम कर सकते हैं। हर घर जल योजना को आगे बढाने में पंचायत को स्वयं जिम्मेदारी लेनी होगी। इसको सफल करने में हर ग्राम पंचायत को आगे आकर काम करना होगा।

कहा कि बुन्देलखण्ड में बलिनि मिल्क प्रोड्यूसर महिलाओं के स्वयं सहायता का उदाहरण है। हर ग्राम पंचायतों में संभावनाएं हैं, गौआश्रय स्थल, बॉयो फ्यूल के साथ खुद को जोड़ सकते हैं, ग्रीन एनर्जी, सोलर एनर्जी से जुड़ सकते हैं, लेकिन इसके लिए स्वत: प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि जनशिकायत का त्वरित निस्तारण के लिए पंचायत सहायक को बीएलई के साथ जोड़ा गया है।

# राहुल का मासूम को कंधे पर बैठाना इटावा के लोगों को आज भी याद

इटावा। कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व कर सुर्खियां बटोर रहे राहुल गांधी की 14 साल पुरानी एक तस्वीर की चर्चा इन दिनो इटावा में हर शख्स की जुबां पर है जिसमें वह एक मासूम बच्चे को कंधे पर बैठाए हुये हैं।

वर्ष 2008 में कैमरे में कैद की गयी राहुल गांधी की यह तस्वीर इकदिल थाना के अमीनाबाद गांव की है जहां श्री गांधी पांच दलित लोगो की हत्या के बाद संवेदना व्यक्त करने आये थे। समाजवादी पार्टी (सपा) मे शामिल हो चुके पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव ने बताया कि 2008 मे पांच दलितो की हत्या के बाद इकदिल इलाके के अमीनाबाद गांव मे राहुल गांधी आये थे जहॉ पीडित परिवार से मिलने के बाद वे वापस लौट रहे थे कि अचानक एक आलू किसान से मिल कर उन्होने उनका हाल चाल लिया और साथ ही उसकी बेटी को भी अपने कंधे पर उठा कर अपनेपन का एहसास कराया ।

यह एक ऐसी घटना थी जो 14 साल बीतने के बाद भी यहां के हर शख्स के जहन में बसी हुयी है और राहुल की भारत जोड़ो यात्रा ने उस दौर की घटना को और भी ताजा कर दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार बृजेश शुक्ला बताते है कि अमीनाबाद गांव मे पांच दलितो की हत्या के बाद राहुल गांधी वापस लौट रहे थे कि वह इस्माइल नामक एक किसान के खेत मे जा पहुंचे और वहां आलू खोद रहे रसीद और उसकी बीबी मुख्तरी बेगम से मिले। इस बीच राहुल ने रसीद की चार साल की बेटी सिमरन को अपने कंधे पर उठा लिया । यह देख हर कोई हक्का बक्का रह गया था।

उस समय एसपीजी सुरक्षा पाये राहुल ने सुरक्षा घेरा तोड कर पहली दफा इस तरह से लोगो के बीच जा कर नजदीकी का इजहार किया था। आज सिमरन करीब 17 की हो चुकी है जो इकदिल के ठेर मुहाल मे अपने माता पिता के साथ रहती है।

# मुख्तार पर गैंगेस्टर एक्ट में आरोप तय, अगली सुनवाई 30 सितंबर को

एजेंसी

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी पर अवैध असलहा रखने के लिए शिफारशी पत्र लिखे जाने के मामले में स्थानीय अदालत ने गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप तय कर दिये।

बांदा जेल से अदालत में पेशी के लिये यहां लाये गये मुख्तार के विरुद्ध गिरोहबंद अपराध के आरोप तय होने के बाद अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तारीख 30 सितंबर निर्धारित की है। एमपी एमएलए और गैंगस्टर एक्ट की विशेष अदालत के अपर सत्र न्यायाधीश, दिनेश चौरसिया ने मुख्तार अंसारी को बांदा जेल व एक अन्य आरोपी सलीम को बाराबंकी तथा अनवर व सहजानंद को गाजीपुर जेल से आरोप निर्धारित करने हेतु अदालत में व्यक्तिगत रुप से आज उपस्थित करने का आदेश दिया था। इन आरोपियों को थाना दक्षिण टोला में फर्जी असलहा लाइसेंस मामले में पेशी के लिये बांदा, बाराबंकी व गाजीपुर जेल से मऊ लाया गया। भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच तीनों आरोपियों की अदालत में पेशी कराई गई।

# मेरठ : सिर में असलहा सटाकर युवक को मारी गोली, ब्रेन डेड

**मेरठ।** मेरठ के हस्तिनापुर में प्रेमिका के साथ दोस्त को देखकर युवक आग बबूला हो गया। पहले विवाद किया फिर दोस्त को सिर में असलहा सटाकर गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां युवक को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया है। घायल युवक के पिता की तहरीर पर एक युवक को नामजद करते हुए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थाना प्रभारी केपी सिंह राठौर ने बताया कि मनीष और दुष्यंत दोनों ही अब्दुल्लापुर भावनपुर के रहने हैं और दोस्त हैं। मनीष की हस्तिनापुर में प्रेमिका है, जो रोडवेज में परिचालक



है। बताया कि कुछ माह पूर्व मनीष और उसकी प्रेमिका का विवाद हो गया था। इसके बाद युवती की दुष्यंत से बातचीत होने लगी। मनीष इस बात का विरोध करता था।

मनीष और दुष्यंत दोनों ही युवती के साथ मंगलवार रात मवाना में शहीद चंद्रभान प्रदर्शनी में आए थे। यहां से वापसी में मनीष और दुष्यंत की कहासुनी हो गई। देर रात करीब 12 बजे दुष्यंत और उसका एक परिचित राजकुमार युवती को हस्तिनापुर घर छोड़ने चले गए। युवती अपनी स्कूटी पर थी, जबकि दोनों युवक बाइक पर थे।

उधम सिंह चौक के समीप युवती को छोड़कर दुष्यंत और राजकुमार वापस लौटने लगे। हस्तिनापुर में ही मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के आगे रानी नंगला तिराहे पर मनीष ने अपने साथी के साथ मिलकर दुष्यंत पर हमला कर दिया।

दुष्यंत के सिर पर तमंचा सटाकर गोली मार दी और फरार हो गए। वारदात के बाद राजकुमार बाइक लेकर मवाना थाने पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दुष्यंत को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया, जहां उसे ब्रेन डेड घोषित किया गया है।

### पहले भी मनीष ने मारी थी गोली

पुलिस अधिकारियों की मानें तो मनीष पूर्व में भी गोलीबारी कर चुका है। प्रेमिका पर कमेंट करने की जानकारी पर मनीष ने पूर्व में भी एक युवक को गोली मारी थी और भावनपुर से वांटेड चल रहा था। इस मामले में दुष्यंत के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मनीष और उसके साथी पर मुकदमा दर्ज किया है।

# 50 रुपए के स्टांप पेपर पर जमीन के बदले 15 लाख कर्ज, पैसा तो डूबा ही, जमीन भी हाथ से गई

एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में महिला एलआईसी अधिकारी को एक व्यक्ति ने 15 लाख का चूना लगा दिया है। एक जमीन को अपनी बताकर अधिकारी से कर्ज ले लिया।

50 रुपए के स्टांप पर लिखापढ़ी भी कर ली। तीन साल में रुपए लौटाने या जमीन अधिकारी के नाम करने की बात तय हुई थी। जब समय पूरा होने के बाद भी कर्ज लेने वाला व्यक्ति अपनी बातों से मुकरने लगा तो अधिकारी को संदेह हुआ। पूरा मामला पता किया तो ठगी का एहसास हुआ। अब आरोपी के खिलाफ मंडुवाडीह थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। लंका थाना क्षेत्र के साकेत नगर में रहने वाली किरन गुप्ता यहां के एलआईसी दफ्तर में अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि मंडुवाडीह का रहने वाला विनोद कुमार सिंह अक्सर उनके ऑफिस में आता था। परिवार के सदस्य जैसा होने के बाद विनोद का घर भी आना जाना था।

इसी दौरान 2014 में विनोद ने अधिकारी से कहा कि किसी काम से 15 लाख रुपए की जरूरत है। जल्द रुपए लौटा देगा या मड़ौली स्थित अपनी जमीन उन्हें दे देगा। रुपए के बदले स्टांप पर जमीन की लिखापढ़ी भी करने को तैयार हो गया। इसके बाद आधिकारी ने आरटीजीएस और चेक से विनोद को 15 लाख रुपए दे दिया। 50 रुपए के स्टांप पर दोनों के बीच लिखा पढ़ी भी हुई। लिखा पढ़ी के अनुसार तीन साल में रुपए लौटाने की बात कही गई। यह भी लिखा गया कि रुपए नहीं लौटाने पर जमीन अधिकारी ले सकती हैं। तीन साल पूरा होने पर भी जब रुपए लौटाने की बात पर विनोद आनाकानी करने लगा तो अधिकारी ने जमीन के बारे में पता कराया।

### अमेठी : दो सड़क हादसों में दो की मौत, चार अन्य घायल

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी में गुरुवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और दो दो बच्चियों समेंत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के जायस थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर रोड पर स्थित जायस पेट्रोल पंप के पास एक कंटेनर की चपेट में आने से नजीर अहमद पुत्र मुजफ्फर (74 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना जायस थाना क्षेत्र के नसीराबाद रोड पर स्थित पंकज महेश्वरी विद्यालय के समीप हुई।

# बुलंदशहर : दो कुख्यात गौतस्कर अवैध असलहे सहित गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में पुलिस ने बीती देर रात हुई मुठभेड़ में इलाके के 02 कुख्यात गौतस्करों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिकन्दराबाद पुलिस को कुछ बदमाशों के आसपास के जंगल से आवारा गोवंश पशुओं को काटने व मांस वाहन द्वारा हरियाणा व आसपास के क्षेत्र मे भेजने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने ग्राम वीरखेड़ा के रास्ते से होते हुए रजवाहे के किनारे ग्राम बिलसूरी से दो व्यक्तियों को गायें ले जाते हुए देखकर रोका। दोनो व्यक्ति गोवंश को छोड़कर जंगल ओर भागने लगे।

पुलिस ने दोनो बदमाशों का पीछा किया इस पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा दोनो बदमाशों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

इनकी पहचान अमीन पुत्र लालची निवासी ग्राम भरतौली थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई।

# 23 सितंबर से शुरू होगा अमेजन का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

लखनऊ। त्योहारों के मौसम से पहले ग्राहकों के लिये बाजार सजने शुरू हो चुके हैं हालांकि उन्हे आनलाइन विक्रेताओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है। इसी क्रम में देश में जानीमानी ई कामर्स मार्केट प्लेस अमेजन इंडिया ने गुरूवार को 23 सितंबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू होने की घोषणा नवाब नगरी लखनऊ में की।

अमेजन फ्रेश के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने गुरूवार को कहा पिछले दो साल में, हमने लखनऊ में गिफ्टिंग प्रोडक्ट्स के लिए ग्राहकों की खरीद के पैटर्न में वृद्धि देखी है। हमने गैर-महानगरों से आने वाले ग्राहकों में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की है।

हम टॉप ब्रांड्स, शानदार डील्स और ऑफर्स के साथ फेस्टिव सीजन के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। हमने इस फेस्टिव सीजन के लिए दैनिक आवश्यक वस्तुओं, चॉकलेट्स, गिफ्टिंग, हेल्दी स्नैक्स, बेबी प्रोडक्ट्स और पेट प्रोडक्ट्स कैटेगरी में 60,000 से ज्यादा प्रोडक्ट्स को जोड़ा है।

### युवती का किया अपहरण का प्रयास, गार्ड ने बचाया

लखनऊ। लखनऊ के विभूतिखंड में 12 सितंबर को कार सवार युवकों ने एक युवती का पीछा कर रहे थे। युवती भागते हुए पास में स्थित एल्डिको एलीगेंस अपार्टमेंट पहुंची। वहां तैनात गार्डों से मदद मांगी। गार्डों ने युवती को सुरक्षित परिसर के अंदर ले गए। गेट पर ताला लगा दिया। सूचना पर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी व विभूतिखंड पुलिस मौके पर पहुंच गई। इसी अपार्टमेंट में पूर्व डीजीपी एके जैन भी रहते हैं। उनके कहने पर पुलिस ने युवती को परिजनों के हवाले कर दिया। हालांकि परिजनों ने कार्रवाई की कोई मांग नहीं की है।

# गोंडा में कस्टडी में युवक की मौत पर बवाल, पथराव, पुलिस की गाड़ियां तोड़ीं

गोंडा। गोंडा में पुलिस हिरासत में बिजली संविदा कर्मचारी की मौत से गुस्साए लोगों ने नवाबगंज में हाईवे पर जाम लगा दिया है। लोग पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। माझा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों संग बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दोनों तरफ वाहनों की एक किमी लम्बी कतार लगी गई है। मौके पर दो थाने की पुलिस लगी है। सीओ सदर समेत पुलिस के आठ वाहनों को तोड़ दिया गया है। पथराव किया गया है। इससे पहले गुरुवार को संविदाकर्मियों ने आपूर्ति ठप कर दी है। स्थिति यह है कि एफआईआर की कापी देने के लिए पुलिस कर्मियों को थाने में किराए का जनरेटर मंगाना पड़ा। फिलहाल नबाबगंज कस्बा गम और गुस्से में सुलग रहा है।

बुधवार को नबाबगंज के मांझा राठ निवासी संविदा बिजली कर्मचारी देवनारायण उर्फ देवा की मौत के बाद सभी लोग गुस्से में हैं। पुलिस भी किसी भी अनहोनी की आशंका में सहमी हुई है। निलंबित एसओ भी भूमिगत हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि हिरासत में मौत के बाद एसओ थाने से नदारद हैं।

वहीं सीओ व कई थानों की फोर्स थाने पर कैम्प कर रही है। बताया तो यह भी जाता है कि गुरुवार सुबह ही कई थानों की फोर्स थाने पर बुलाई गई है। जिसमें पडोसी जनपद बलरामपुर के सादुल्लाहनगर, रेहरा आदि थाने के फोर्स शामिल हैं। वहीं आला अफसर भी मामले पर नजर रख रहे हैं।

# लखनऊ का एरा मेडिकल सेंटर सील : 32 लाख रुपए का हाउस टैक्स बकाया था, नगर निगम ने की कार्रवाई

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम ने हाउस टैक्स बकाए मामले में एक्शन लिया है। अकबरी गेट के पास बने एरा मेडिकल कॉलेज और डीएवी स्कूल के 18 दुकानों को सील कर दिया है। एरा मेडिकल सेंटर पर करीब 32 लाख रुपए का हाउस टैक्स बकाया था। वहीं नाका के चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड के डीएवी डिग्री कॉलेज की 18 दुकानों पर 2 करोड़ 90 लाख के करीब बकाया था। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

नगर आयुक्त ने बताया कि राजा बाजार वार्ड में बने एरा मेडिकल सेंटर पर 32,6,445 का हाउस टैक्स बकाया था। जिस पर तीन बार नोटिस दी गई। भुगतान न दिए जाने पर आज मेडिकल सेंटर को सील कर दिया गया है। इसके अलावा नादान महल रोड चुन्नीलाल ट्रस्ट राम शंकर मैनेजर केयर गोविंद गुप्ता 13,3000 बकाया था। नादान महल रोड पर बने मकान पर 46 लाख रुपए बकाया था।

चंद्रभान गुप्त नगर वार्ड की डीएवी डिग्री कॉलेज में बने 18 दुकानों और तीन अन्य प्रतिष्ठानों पर दो करोड़ 90 लाख 79 हजार 814 बकाया था। इन दुकानों से 43,500 आंशिक भुगतान भी प्राप्त किया गया है। नगर निगम के चलाए जा रहे अभियान में कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पांडेय, कर अधीक्षक चंद्रशेखर यादव, कर निरीक्षक, सुबोध कुमार प्रदीप श्रीवास्तव समेत कई नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

### 31 सितंबर तक चलेगा अभियान

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि तमाम सरकारी और निजी आवासों को कमर्शियल बिल्डिंग कोकिला को टैक्स रुपए बकाए इन भवनों के मालिक को तमाम नोटिस देने के बावजूद जमा नहीं किया जा रहा है। जिससे नगर निगम के करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं। लंबे घाटे में चल रहे नगर निगम गृह कर को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। नगर आयुक्त ने बताया फिलहाल यह अभियान 31 सितंबर तक की पूरे शहर में चलाया जाएगा। बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की जाएगी बकाया नहीं चुकाने पर उनकी बिल्डिंग और आवासों को सील तक किया जाएगा।

### 330 करोड रुपए है नगर निगम का बकाया

जुलाई 2022 में तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगर निगम का गृहकर वसूली का लक्ष्य 330 करोड़ रुपये है। जल्द ही निकाय चुनाव आने वाला है और उस समय बकायेदारों पर कड़ी कार्रवाई आसान नहीं होगी। इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने शुरू में 25 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों से वसूली को लेकर कुर्की शुरू की थी इसके बाद अब बड़े बकायेदारों के खिलाफ भी कार्यवाही शुरू हो गई है। पहले इन्हें नोटिस जारी किया गया जब टैक्स नहीं जमा किया तो अब इनके इमारतें सील की जाने लगी है। नगर निगम में करीब छह लाख भवन गृहकर में पंजीकृत हैं। जुलाई की रिपोर्ट के मुताबिक 660 करोड़ के बकाये में 380 करोड़ रुपये टैक्स और 280 करोड़ रुपये ब्याज है।

# बाराबंकी में राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल से छात्रा गायब

## विद्यालय प्रशासन दो दिन तक दबाए रहा मामला

बाराबंकी। बाराबंकी के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से एक हाई स्कूल की छात्रा गायब हो गई। लखनऊ जनपद की रहने वाली छात्रा सनौली राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती थी। वह 13 तारीख से गायब है। परिवार वालों का आरोप है कि विद्यालय और प्रशासन लड़की के गायब होने की बात 2 दिन तक छुपाता रहा। दो दिन बाद स्कूल के प्रधानाचार्य ने कोतवाली में छात्रा के गायब होने का मामला दर्ज कराया। पुलिस अधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर घंटों कर्मचारियों से पूछताछ की। बाराबंकी जनपद के रामसनेहीघाट तहसील व कोतवाली क्षेत्र के करौधिया सनौली राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का है। स्कूल में हाईस्कूल में पढ़ने वाली छात्रा मोनिका रावत पिछले 2 दिनों से गायब है। छात्रा मोनिका रावत पुत्री मनोज कुमार तकरोही, इंदिरानगर जनपद लखनऊ की रहने वाली है। परिजनों का आरोप है कि छात्रा 2 दिन से गायब है लेकिन स्कूल प्रशासन इस बात को छुपा रहा था।

आज स्कूल के प्रधानाध्यापक ने रामसनेहीघाट कोतवाली पहुंचकर छात्रा के गायब होने की तहरीर देते हुए मामला दर्ज कराया है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय से छात्रा के गायब हो जाने की सूचना से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक और एसडीएम रामसनेहीघाट मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों से घंटों पूछताछ की।।

## शार्ट न्यूज

### एचएफसीएल को मिले 447.81 करोड़ रुपये के ऑर्डर

मुंबई। टेलीकॉम क्षेत्र के उपकरण बनाने वाली कंपनी एचएफसीएल को अग्रिम खरीद आदेश (एपीओ) के तहत 447.81 करोड़ रुपये के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। एपीओ में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) से 341.26 करोड़ रुपये के ऑर्डर शामिल है। इसमें एचएफसीएल सीयूपीएस बीएनजी (कंट्रोल प्लेन यूजर प्लेन सेपरेशन ब्रॉडबैंड नेटवर्क गेटवे) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव के साथ टर्नकी आधार पर संबद्ध ग्राहक नीति प्रबंधक और प्रमाणीकरण प्लेटफॉर्म के लिए कार्य करेगी। कंपनी को दूसरा 106.55 करोड़ रुपये का ऑर्डर रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (रेलटेल) की ओर से पश्चिमी क्षेत्र के 180 रेलवे स्टेशनों पर मौजूदा अवसंरचना के साथ आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, एकीकरण, आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के संचालन और रखरखाव के लिए मिला है।

### टाटा पावर-डीडीएल ने लगाया अल्ट्रा वाटर फिल्टर

नयी दिल्ली। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) ने राजधानी के शाहबाद इलाके के दौलतपुर में सरकारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अल्ट्रा वाटर फिल्टर (पानी साफ करने का संयंत्र) स्थापित किया है। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अल्ट्रा वाटर फिल्टर प्लांट में प्रति घंटा 500 लीटर पानी को शुद्ध करने और निकासी की क्षमता है। इस प्लांट से करीब 5,000 छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को हर दिन शुद्ध और साफ पानी मिलेगा। टाटा पावर-डीडीएल ने बताया कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) साथी के अंतर्गत संजीवनी के प्रयासों के अंतर्गत इस प्लांट को स्थापित किया गया है। यह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के जीवन की स्थिति को सुधारने और उन्हें उनके मूलभूत अधिकार दिलाने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। इस अवसर पर एचआर एवं आईआर के प्रमुख प्रवीण अग्रवाल ने पीने के स्वच्छ पानी के महत्व और छात्रों व उनकी सेहत पर पड़ने वाले इसके प्रभाव पर ज़ोर दिया। इसके अलावा उन्होंने पिछड़े तबके के और जरूरतमंद छात्रों के बीच अच्छी गुणवत्ता और बेहतर शिक्षा को पहुंच में लाने के लिए टाटा पावर-डीडीएल की ओर से किए जा रहे सीएसआर प्रयासों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### मोबाइल ग्राहकों की संख्या में जुलाई में मामूली वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में इस वर्ष जुलाई में मोबाइलधारकों की संख्या में मामूली 0.06 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी और इनकी कुल संख्या 114.80 करोड़ पर पहुंच गयी ।दूरसंचार नियामक ट्राई के आज जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2022 में मोबाइल ग्राहकों की कुल संख्या में मात्र 6.4 लाख की बढोतरी हुयी है क्योंकि इस महीने में वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल और एमटीएनएल के ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आयी ।इस महीने में बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या भी 60 हजार बढ़कर 2.56 करोड़ पर पहुंची है। इस तरह कुछ टेलीफोनधारकों की संख्या जुलाई 2022 में 0.7 प्रतिशत बढ़कर 117.36 करोड़ हो गयी। इस महीने में देश में टेलीफोन घनत्व 85.11 प्रतिशत पर पहुंच गया ।जुलाई 2022 में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आयी है। इसके ग्राहकों की संख्या में 15.42 लाख की कमी आयी। इसके बाद सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहकों की संख्या भी 8.18 लाख और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के ग्राहकों की संख्या भी 4.62 लाख घट गयी। हालांकि इस महीने में रिलायंस जियो ने 29.49 लाख नये ग्राहक और भारती एयरटेल ने 5.13 लाख नये ग्राहक जोड़ने में सफल रही।

### आई 30 ने स्थानीय कोचिंग सेंटरों के साथ साझेदारी की

नयी दिल्ली। एडुटेक स्टार्टअप आईस्कॉलर नॉलेज सर्विसेज ने आज ब्लेंडईडी 2.0 की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह कोचिंग सेंटरों के साथ साझेदारी के जरिए पूरे उत्तर भारत में मजबूती के साथ भौतिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करता है और डिजिटल टेक्नोलॉजी के जरिए डाइवर्स करिकुलम का बूस्टर ब्लेंड उपलब्ध कराता है। महामारी के बाद से इन सेंटर्स को दोबारा शुरू करने के लिए, कंपनी की कोचिंग शाखा - आई30 लर्निंग सेंटर, इन पार्टनर्स को एक जेवी-बेस्ड मॉडल के जरिए सशक्त बनाएगी, जिसमें स्टार फैकल्टी के जरिए फिजिटल लर्निंग एक्सपीरियंस प्रदान किया जाएगा। आई30 लर्निंग सेंटर परिवार के हिस्से के रूप में एनसीआर,उत्तर प्रदेश , बिहार, राजस्थान, हरियाणा के ऑनबोर्डिंग पार्टनर्स के साथ वित्त वर्ष 2024 तक कम से कम 300-400 शिक्षण केंद्रों के साथ जुड़कर, भारत का टॉप ब्लेंडेड लर्निंग सेंटर फिजिटल लर्निंग के साथ सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का एक नया मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है।

### सिंगापुर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने नया ब्रांड लोगो का किया अनावरण

नयी दिल्ली। शिक्षा और लर्निंग संस्थान सिंगापुर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने नये उद्योग पर आधारित और कुशलता आधारित लर्निंग को प्रदर्शित करने वाला नया ब्रांड लोगो का अनावरण किया है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के मुख्य परिचालन अधिकारी वेद मणि तिवारी की मौजूदगी में नये लोगो का अनावरण किया गया। इस मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि देश में अभी 70 करोड़ से अधिक कामगार है जिनमें से वर्ष 2025 तक 30 करोड़ को कुशल बनाने की जरूरत है ताकि विभिन्न क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। संस्थान के ब्रांड, विपणन ओर संचार निदेशक गुराल्ड लुम ने भारत को महत्वपूर्ण क्षेत्र बताते हुये कहा कि देश में वे अपने ब्रांड की पहचान को बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि उनके वैश्विक शिक्षा केन्द्र में भारतीय छात्रों की संख्या में बढोतरी हुयी है। श्री लुम ने कहा कि उनका प्रयास होता है कि ऐसी शिक्षा दी जाये जो छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कर सके। उनके संस्थान का कार्यालय का वर्ष 2019 में भारत में खुला था और उसके बाद से भारतीय संस्थानों के साथ साझेदारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नया ब्रांड लोगो संस्थान की वेबसाइट, विषय वस्तुओं को सोशल चैनलों के साथ ही सभी महत्वपूर्ण परिपत्र में दिखेगा।

### विनोद अग्रवाल बने सियाम के अध्यक्ष

नयी दिल्ली। वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद अग्रवाल वाहन निर्माता कंपनियों के शीर्ष संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वर्ष 2022-23 के लिए अध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। सियाम की आज हुयी 62वीं वार्षिक सम्मेलन के दौरान संगठन की कार्यकारी समिति ने श्री अग्रवाल का निर्वाचन किया है। श्री अग्रवाल ने मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक एवं सियाम के अध्यक्ष केनिची आयुकावा का स्थान लिया है। इससे पहले श्री अग्रवाल सियाम के उपाध्यक्ष के पद पर थे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेष चंद्रा सियाम के वर्ष 2022-23 के लिए उपाध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं। डैलमर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सत्यकाम आर्य सियाम के वर्ष 2022-23 के लिए कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुये हैं।

### रुपया 27 पैसे टूटा

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही तेजी के साथ ही घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में जारी बिकवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा कारोबार में रुपया 27 पैसे टूटकर 679.79 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़क गया ।पिछले दिवस भी रुपया 35 पैसे टूटकर 79.52 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था ।रुपया आज एक पैसा टूटकर 79.53 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 79.44 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन शेयर बाजार में हुयी बिकवाली के दबाव में यह 79.80 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा।

# ऑटोमोबाइल उद्योग को 15 लाख करोड़ का बनाने का प्रयास : गडकरी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इलेक्ट्रिक बसों को समय की जरूरत बताते हुए इनके ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि इससे प्रदूषण में कमी आएगी और डीजल तथा कच्चे तेल के आयात पर निर्भता कम हो सकेगी।

गडकरी ने हरित और स्वस्थ परिवहन के लिए सतत वित्त विषय पर गुरुवार को यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रणाली से पर्यावरण को लाभ होगा और डीजल पेट्रोल पर हमारी निर्भरता घटेगी।



उनका कहना था कि इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढावा देने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी से सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में लोग रुचि दिखाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का महत्व समझाते हुए कहा कि इनके आने से प्रदूषण में कमी आएगी और हम डीजल और कच्चे तेल के आयात को भी कम कर पाएंगे। सीईएसएल को 5450 ई-बसों के टेंडर के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इसकी गति और बढाई जानी चाहिए और 50000 ई-बसों के बजाय पांच लाख बसों का लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ऑटोमोबाइल उद्योग को गति देने की कोशिश कर रही है। यह ऐसा उद्योग है जिसमें रोजगार देने की बहुत संभावना है इसलिए भी सरकार इसे 15 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बनाने की कोशिश कर रही है। रोजगार के लिहाज से इस उद्योग को महत्वपूर्ण बताते हए उन्होंने कहा कि इससे देश में चार करोड़ रोजगार पैदा करने की क्षमता है। इस उद्योग ने राज्य और केंद्र सरकार को अधिकतम राजस्व दिया है। गडकरी ने निजी वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने के प्रयास पर भी जोर दिया और कहा कि लोग कम खर्च में अधिक आराम चाहते हैं। उन्होंने बस निगमों को होने वाले नुकसान को रोकने और बस यात्रा को आसान बनाने के लिए बसों में हाथ से दिये जाने वाली टिकट प्रणाली के स्थान पर कार्ड या क्यूआर कोड आधारित प्रवेश-निकास प्रणाली के इस्तेमाल का भी प्रस्ताव दिया।

# यूनीसर्च ने पेश किया विदेश जाकर पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्लेटफॉर्म

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया आधारित कंपनी यूनीसर्च ने भारत के विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के लिए बनाए गए प्लेटफॉर्म को बुधवार को पेश किया। कंपनी विदेश में पढ़ने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को संपूर्ण समाधान प्रदान करती है और इसका कृत्रिम बुद्धिमता वाला प्लेटफॉर्म भारतीय छात्रों को लाभ पहुंचाएगा। यूनीसर्च संस्थापक असरफ हक ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उसे अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की भर्ती के बारे में 10 वर्ष से अधिक का अनुभव है। गहरे विश्लेषण और एल्गोरिथम आधारित तंत्र के आधार पर कंपनी ने विद्यार्थियों, विश्वविद्यालयों और उनके प्रमुखों के साथ अपना नेटवर्क स्थापित किया है जिसमें विदेश में पढ़ने के सभी आधारों को समाहित किया गया है। हक ने कहा, वैश्विक स्तर पर भारत एक प्रमुख बाजार है और मेरा मानना है कि इसे और विकसित होने की आवश्यकता है। भारतीय विद्यार्थियों के लिए यूनीसर्च एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा जहां उन्हें हर सवाल के जवाब मिल जाएंगे और वे आसानी से पता लगा लेंगे कि उन्हें किस देश में उच्च शिक्षा के लिए जाना है। इसके साथ ही कंपनी प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों की मदद करते हुए उन्हें रहने की जगह दिलाने के साथ विदेश में इंटर्नशिप उपलब्ध कराने में भी सहायता प्रदान करेगी। यूनीसर्च की ग्लोबल इंगेजमेंट की प्रमुख सोनी खन्ना ने इस मौके पर कहा, हम यूनीसर्च में महत्वकांक्षी विद्यार्थियों की अपने प्लेटफॉर्म के जरिए उनकी विदेश में पढ़ने की यात्रा के हर कदम पर मदद करते हैं।

### वित्तीय क्षेत्र के जोखिमों और वित्तीय स्थितियों की निरंतर निगरानी की जरूरत

मुंबइ। वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद ने सरकार और नियामकों द्वारा वित्तीय क्षेत्र के जोखिमों, वित्तीय स्थितियों और बाजार के घटनाक्रमों की निरंतर निगरानी किये जाने की आवश्यकतायी है, ताकि किसी भी समस्या को कम करने तथा वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए उचित और समय पर कार्रवाई की जा सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आज यहां हुयी परिषद की 26वीं बैठक में यह बात कही गयी। परिषद ने 2023 में भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता किये जाने के दौरान उठाए जाने वाले वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों के संबंध में की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की। परिषद में अन्य बातों के साथ-साथ, अर्थव्यवस्था के लिए पूर्व चेतावनी संकेतकों और उनसे निपटने के लिए हमारी तैयारी, मौजूदा वित्तीय/ऋण सूचना प्रणाली की दक्षता में सुधार, वित्तीय बाजार अवसंरचना समेत प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों में शासन और प्रबंधन के मुद्दे, वित्तीय क्षेत्र में साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना, सभी वित्तीय सेवाओं और संबंधित कार्यों के लिए साझा केवाईसी, खाता एग्रीगेटर पर अद्यतन और अगले कदम, बिजली क्षेत्र के वित्तपोषण से संबंधित मुद्दे, नए आत्मनिर्भर भारत में गिफ्ट आईएफएससी की रणनीतिक भूमिका, गिफ्ट-आईएफएससी के अंतर-नियामक मुद्दे और सभी सरकारी विभागों द्वारा पंजीकृत मूल्यांकनकर्ताओं की सेवाओं के उपयोग की आवश्यकता आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वित्त राज्य मंत्रियों डॉ. भागवत किशनराव कराड और श्री पंकज चौधरी के साथ ही रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास, वितत सचिव एवं व्यय विभाग के सचिव डॉ. टी. वी. सोमनाथन,अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष इंजेती श्रीनिवास आदि मौजूद थे।

# गोयल ने आईडीएफ से विकासशील देशों में छोटे डेयरी फर्मों को लेकर निर्देश देने को कहा

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरराष्ट्रीय डेयरी फेडेरेशन (आईडीएफ) से कहा कि वह विकासशील देशों में छोटे डेयरी फर्मों को अधिक उत्पादक, टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल, गुणवत्ता केंद्रित और लाभप्रद बनाने के लिए सुसंगत, समसामयिक, व्यवहारिक तथा लागत प्रभावी समाधान विकसित करने की दिशा में केंद्रित प्रयास करने का निर्देश दे।

गोयल ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आईडीएफ के विश्व डेयरी सम्मेलन (डब्ल्यूडीएस 2022) को संबोधित किया।

उन्होंने आईडीएफ से भारत में



विशेषज्ञों की एक छोटी टीम को कृषि स्तर पर अनुसंधान करने, भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों का अध्ययन करने और ऐसे समाधान खोजने के लिए तैनात करने की संभावना खोजने का भी आग्रह किया जो देश वैश्विक मानकों और वैश्विक उत्सर्जन मानदंडों के साथ संयोजित करने में सहायता करेगा।

गोयल ने कहा,''मैं आपको आश्वासन दे सकता हूं कि भारत समस्या का नहीं बल्कि समाधान का हिस्सा बनना चाहता है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिक अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव तथा सरकार, सहकारी संघों तथा किसानों द्वारा उठाए गए मजबूत कदमों के साथ, वैश्विक डेयरी बाजार में भारत की हिस्सेदारी में आने वाले वर्षों में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी। इससे भारत के छोटे और सीमांत किसानों को अत्यधिक लाभ पहुंचेगा तथा उन्हें बहुत आवश्यक पूरक आय प्राप्त होगी एवं उनके बच्चों के लिए बेहतर पोषण की दिशा में योगदान प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि डेयरी उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा किसान अपने परिवार के उपभोग के लिए उपयोग करते हैं।

श्री गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत के डेयरी क्षेत्र की विकसित देशों के मशीनीकृत डेयरी उद्योग से तुलना करते हुए किसी भी विश्लेषण में, भारत निर्वहनीयता के मामले में हमेशा ही विजेता के रूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जब ईमानदारी से चर्चाएं की गई थीं तो विकसित विश्व के कई हिस्से विकासशील देशों की चिंताओं के प्रति बहुत संवेदनशील थे। उन्होंने एक उदाहरण के रूप में आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) पर हस्ताक्षर करने के लिए द्विदलीय ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ हुई बातचीत को भी संदर्भित किया।

# बिकवाली से हकलान हुआ शेयर बाजार

मुंबई। वैश्विक स्तर के सकारात्मक संकेतों के बावजूद घरेलू स्तर पर आईटीख् टेक, रियलटी, धातु, हेल्थकेयर, एनर्जी और तेल एवं गैस जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण आज लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार गिरावट में रहा। इस दौरान सेंसेक्स 60 हजार अंक और निफ्टी 18 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे उतर गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 412.96 अंकों की गिरावट लेकर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 59934.01 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 126.35 अंक टूटकर 17977.40 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की बिकवाली की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली देखी गयी जिससे बीएसई



का मिडकैप् 0.31 प्रतिशत बढ़कर 26307.20 अंक पर और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत उठकर 29911.51अंक पर रहा। बीएसई में कुल मिलाकर 3620 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1798 गिरावट में और 1698 बढ़त में रही जबकि 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों में से आईटी 1.63 प्रतिशत, टेक 1.50 प्रतिशत, धातु 1.09 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.88 प्रतिशत, सीडी 0.76 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.06 प्रतिशत और एनर्जी 0.14 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि पावर 2.06 प्रतिशत, यूटिलिटीज 1.99 प्रतिशत, ऑटो 0.84 प्रतिशत, टेलीकॉम 0.07 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट 1.16 प्रतिशत को छोड़कर सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। इसमें ब्रिटेन का एफटीएसइ 0.57 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.31 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.21 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.44 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 108 अंकों की बढ़त लेकर 60454.37 अंक पर खुला। सत्र के शुरूआती कारोबार में ही यह लिवाली के बल पर 60676.12 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी बिकवाली के दबाव में यह 60 हजार अंक से नीचे उतरकर 59865.75 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 60346.97 अंक की तुलना में 0.68 प्रतिशत अर्थात 412.96 अंक टूटकर 59934.01 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 23 गिरावट में रही जबकि सात बढ़त बनाने में कामयाब रही।

एनएसई का निफ्टी 43 अंकों की तेजी लेकर 18046.35 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 18096.15 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 17861.50 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 18003.75 अंक की तुलना में 0.70 प्रतिशत अर्थात 126.35 अंक टूटकर 17877.40 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 39 लाल निशान में रही जबकि 11 हरे निशान में रही।

# दिल्ली सरकार के बिजली पर फैसले को टाटा पावर-डीडीएल का समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) ने गुरुवार को दिल्ली सरकार के फैसले स्वागत किया।

सरकार ने फैसला किया है कि दिल्ली में रहने वाले लोग अक्टूबर से मुफ्त बिजली योजना का लाभ तभी ले सकते हैं जब वह इसके विकल्प को चुनते हैं।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि टाटा पावर डीडीएल सभी पात्र ग्राहकों को एक अक्टूबर से बिजली सब्सिडी प्राप्त करने के लिए ऑप्ट-इन (आवेदन) करने का विकल्प प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा, हमारे ग्राहकों के लिए इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उनकी सुविधाओं के लिए हम उनसे सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए किसी भी डिजिटल विकल्प का लाभ उठाने का आग्रह करते हैं।

यह विकल्प कंपनी सरकार के निर्देशों के अनुपालन में डिजिटल चैनलों जैसे व्हाट्सएप, एसएमएस, मिस्ड कॉल सेवाओं के माध्यम से प्रदान करेगी जबकि डिजिटल विकल्पों के अलावा ग्राहकों को एक यूनीक क्यूआर कोड के साथ उनके मासिक बिजली बिल के साथ सरकार द्वारा जारी सब्सिडी आवेदन पत्र (एसएएफ) प्राप्त होगा।

किसी भी प्रश्न या चिंता के मामले में ग्राहक 19124 पर कॉल कर सकते हैं या हमारे ग्राहक सेवा केंद्रों पर जा सकते हैं।

# 'सरकारों से नहीं, बाज़ार से तेल खरीदतीं हैं भारतीय कंपनियां'

एजेंसी

नयी दिल्ली । भारत ने रूस से तेल खरीदने के मामले में पश्चिमी देशों की आलोचना को खारिज करते हुए आज दोहराया कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से पेट्रोलियम पदार्थ खरीद रहीं हैं और ये खरीद सरकारों के बीच नहीं हो रही है।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में रूस के तेल पर जी-7 देशों द्वारा मूल्य नियंत्रण लागू करने के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। रूस के तेल पर मूल्य नियंत्रण यानी अधिकतम मूल्य तय करने के बारे में वे ही ज़्यादा अच्छे से बता सकते हैं जिन्होंने इसे सोचा है।

श्री क्वात्रा ने कहा, जहां तक भारत की बात है तो हमने कई बार कहा है कि जब भी भारतीय कंपनियां बाहर जातीं हैं और भारत की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए तेल या पेट्रोलियम पदार्थ बाज़ार से ही खरीदती हैं। ये सौदे सरकारों के बीच नहीं किये जाते हैं।

# इस्पात क्षेत्र में सेंसर, स्मार्ट उपकरणों से बड़ा डेटा प्राप्त होगा : संजय सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय के सचिव संजय सिंह ने कहा है कि लौह अयस्क की गुणवत्ता घट रही है क्योंकि निम्न श्रेणी के लौह अयस्क का खनन बढ़ रहा है जिससे इस्पात कबाड़ (स्क्रैप) का महत्व बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कुछ कारणों से निर्माण क्षेत्र के कबाड़ का उत्पादन कम है सिंह ने गुरुवार को दो दिवसीय नौवें भारतीय इस्पात बाजार सम्मेलन में ये बातें कही। उन्होंने कहा, डेटा की उद्योग में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। डेटा के आधार पर इस्पात कंपनियां अपनी भविष्य की योजनायें बना सकती हैं। मांग आदि के बारे में कोई रणनीति निर्धारित कर सकती हैं। इस उद्योग के विकास में डेटा बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। सेंसर और स्मार्ट उपकरणों की मदद से बड़ा डेटा हमारे पास आएगा।

इसका आयोजन एमजंक्सन सर्विसेज लिमिटेड ने किया है। इस आयोजन में उद्योग जगत के प्रमुख, विशलेषक और नीति निर्धारक हिस्सा ले रहे हैं। इसका विषय इंडियन स्टील- टचिंग न्यू होराइजन्स थ्रू इनोवेशन एंड डिजिटल सॉल्यूशन्स है।

भारतीय इस्पात प्राधिकरण की अध्यक्ष सोमा मंडल ने इस अवसर पर कहा, हमें यह जानने के लिए डिजिटल हस्तक्षेप की आवश्यकता है कि कबाड़ कहां उत्पन्न हो रहे हैं जो हमें अधिक कबाड़ संग्रह और उपयोग के माध्यम से उत्सर्जन को कम करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा, 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन की क्षमता तक पहुंचने के लिए हमें खपत बढ़ाने की जरूरत है। हमें कैसे पता चलेगा कि हम इस्पात की मांग कहां पैदा कर सकते हैं। इस तरह अब की तुलना में अधिक डेटा संचालित होना चाहिए।

उन्होंने कहा, डेटा का उद्योग 4.0 में उत्पादन और उपयोग है। सेंसर और स्मार्ट उपकरणों की मदद से बड़ा डेटा हमारे पास आएगा। सम्मेलन में एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा, भारत अब दूसरा सबसे बड़ा इस्पात निर्माता है और डिजिटलीकरण और स्वचालन में देश अग्रणी रहा है। आज, सभी प्रमुख इस्पात उत्पादकों के पास डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं जो उन्हें अपने ग्राहकों के साथ निर्बाध रूप से जुड़ने में मदद करते हैं।

सम्मेलन के पहले दिन के दौरान इस्पात मांग ड्राइवर, इस्पात और उपयोगकर्ता की उम्मीदें, इस्पात कंपनियों के नए बाजारों तक पहुंचने में डिजिटलीकरण और इस्पात से जुड़ी अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुयी।

# घरेलू उड्डयन उद्योग में सुधार जारी : इकरा

नयी दिल्ली। घरेलू उड्डयन उद्योग में सुधार लगातार जारी दिख रहा है जिसमें अगस्त 2022 में वार्षिक आधार पर 52 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ लगभग 1.02 करोड़ लोगो ने यात्रा की है।

रेटिंग एजेंसी इकरा ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि आलोच्य माह में घरेलू मार्ग पर यात्रा करने वालों की संख्या जुलाई 2022 से 5 प्रतिशत अधिक है। इस माह 97 लाख लोगों ने विमान से सफर किया था।

एजेंसी के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख सुप्रियो बनर्जी द्वारा तैयार रिपोर्ट में कहा गया कि आंकड़ों में लगातार सुधार के बावजूद यह संख्या महामारी से पूर्व स्तर अगस्त 2019 से 14 प्रतिशत कम है।

रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-अगस्त यानि पांच महीनों की अवधि में तकरीबन 5.24 करोड़ लोगों ने यात्रा की जो वार्षिक आधार पर 131 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है लेकिन अप्रैल-अगस्त, 2019 की अवधि की संख्या से 11 प्रतिशत कम है। विमानन कंपनियों की क्षमता अगस्त 2022 में एक वर्ष पूर्व की समान अवधि से 37 प्रतिशत अधिक रही। हालांकि महामारी से पूर्व के स्तर से यह 10 प्रतिशत कम है।

रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू उड्डन उद्योन का अगस्त 2022 में यात्री लोड फैक्टर (पीएलएफ) 80 प्रतिशत रहा जबकि अगस्त 2021 में यह 72 प्रतिशत और अगस्त 2019 में 85 प्रतिशत था।

भारतीय विमानन कंपनियों की उड़ानों में अगस्त 2022 में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या ने कोरोना महामारी के पूर्व स्तर 19.8 लाख को पार कर लिया है और यह 32 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट में बताया गया कि विमानन ईंधन (एटीएफ) में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति के ऊंचे रहने का प्रभाव उद्योग की कमायी पर पड़ रहा है। सलाना आधार पर सितंबर 2022 में एटीएफ के दाम 83 प्रतिशत अधिक हैं। एजेंसी ने कहा, घरेलू उड्डयन कंपनियों की कमायी में सुधार ऊंचे एटीएफ के दाम और डॉलर के सामने रुपये के गिरने के कारण थोड़ा हल्का रह सकता है।

# दूरसंचार उद्योग को सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने की जरूरत : अश्विनी वैष्णव

नयी दिल्ली। संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आने वाले वर्षों में देश में दूरसंचार क्षेत्र में और सुधार देखने को मिलेंगे लेकिन इस उद्योग को भी सेवा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाना होगा। वैष्णव देश में डिजिटल अवसंरचना प्रदाता उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष निकाय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) की ओर से कल शाम यहां आयोजित वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान भी उपस्थित थे। वैष्णव ने कहा कि सेवा के गुणवत्ता मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि की जानी चाहिए और इसके लिए दूरसंचार विभाग को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने सेवा की गुणवत्ता के मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि कर आज की तुलना में लगभग 3गुना या 4गुना करने के लिए दूरसंचार विभाग को ट्राई को नया परामर्श पत्र भेजने की सलाह दी। उन्होंने कहा 5जी की यात्रा बहुत ही रोमांचकारी होगी। अनेक देशों को 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत कवरेज तक पहुंचने में कई साल लग गए। लेकिन हम एक बहुत ही प्रबलता के साथ समयावधि को लक्षित कर रहे हैं और सरकार ने अल ?पावधि में 80 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य दिया है और हमें निश्चित रूप से बहुत ही कम समयावधि में कम से कम 80 प्रतिशत कवर करना चाहिए। वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार ऑपरेटरों और अवसंरचना प्रदाताओं सहित उद्योग को देश में सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए पूरी ऊर्जा से आगे बढ़ना होगा, अब जबकि कई सुधारों की घोषणा की जा चुकी है तथा कई अन्य सुधार होने वाले हैं।

## शार्ट न्यूज

### नेपाल को हरा कर भारत बना सैफ अंडर-17 फुटबाल चैंपियन

कोलंबो। बेहतरीन जुगलबंदी और तेजतर्रार खेल की बदौलत भारत ने नेपाल को 4-0 से हरा कर सैफ अंडर-17 बालक फुटबाल चैंपियनशिप का खिताब एक बार फिर अपने नाम कर लिया है। रेसकोर्स अंतरराष्ट्रीय मैदान बुधवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और मैच में अपनी पकड़ बनाये रखी। नेपाल की रक्षा पंक्ति के पास भारतीय खिलाड़ियों के हमलों का कोई जवाब नहीं था। गत विजेता भारत ने इस खिताब को अपने पास सुरक्षित रखा है। पिछली बार यह चैंपियनशिप अंडर 15 के नाम से खेली गयी थी। भारतीय टीम की शानदार जीत में कप्तान वनलालपेका गुते के अलावा बाबी सिंह, कोरू सिंह और अमन ने एक एक गोल का योगदान दिया जबकि विरोधी टीम खाता भी खोलने में नाकाम रही। इस जीत के साथ भारत ने लीग मैच में नेपाल से मिली हार का बदला भी ले लिया। इससे पहले ग्रुप लीग में नेपाल ने भारत को 3-1 से हराया था। पूरे मैच में भारतीय टीम नेपाल पर हावी रही। मैच के 18वें मिनट में बाबी ने नेपाल की रक्षा पंक्ति को भेदते हुये शानदार गोल किया।

### एआईएफएफ ने मोदी ने प्रति जताया आभार

नयी दिल्ली। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबाल 2022 की मेजबानी के सिलसिले में गारंटी पर हस्ताक्षर करने में मंजूरी देने के लिये अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल की मेजबानी के लिए गारंटी पर हस्ताक्षर करने को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी है। एआईएफएफ ने जारी बयान में कहा, खेल के मैदान के रखरखाव, स्टेडियम की बिजली, ऊर्जा और केबलिंग, स्टेडियम और प्रशिक्षण साइट की ब्रांडिंग आदि के लिये 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। भारत में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप पहली बार खेला जायेगा जो देश में महिला फुटबाल को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हम उम्मीद करते है कि अधिक से अधिक युवा लड़कियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाये और अधिक अभिभावक अपने बच्चों में इस खेल को लेकर योग्यता को परखें। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौधरी ने महिला फुटबाल को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार के प्रति आभार जताया।

### कैटिच होंगे एमआई केप टाउन के मुख्य प्रशिक्षक

मुंबई/केप टाउन। रिलायंस जियो के स्वामित्व वाली एमआई केप टाउन ने 19 सितंबर को दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में होने वाली टी-20 क्रिकेट लीग एसए20 के लिये खिलाड़ियों की नीलामी से पहले अपनी कोचिंग टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच की नियुक्ति मुख्य प्रशिक्षक के पद पर की गयी है जबकि दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हाशिम अमला बैटिंग कोच के रूप में अपनी सेवायें टीम को देंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जेम्स पैमेंट फील्डिंग कोच और दक्षिण अफ्रीका के घरेलू कोच रॉबिन पीटरसन टीम के जनरल मैनेजर की भूमिका में होंगे। ये दोनों लंबे समय से एमआई से जुड़े हैं। पैमेंट मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच हैं जबकि पीटरसन मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। एमआई केप टाउन पहले ही पांच खिलाड़ियों कगिसो रबाडा, डेवाल्ड ब्रेविस, राशिद खान, सैम कुरेन और लियाम लिविंगस्टोन को साइन कर चुकी है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, मुझे एमआई केप टाउन कोचिंग टीम में साइमन और हाशिम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। जेम्स और रॉबिन के साथ, हम एक ऐसी टीम बनाएंगे जो दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट के एमआई ब्रांड को विकसित करेगी। साइमन कैटिच ने कहा, एमआई केप टाउन का मुख्य कोच बनना सम्मान की बात है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि एमआई केप टाउन एक ऐसी टीम के रूप में विकसित हो, जो स्थानीय प्रतिभाओं का लाभ भी उठाए।

### नेपाल के खिलाफ हमें इकाई बन कर खेलना होगा : छेत्री

काठमांडू। दक्षिण एशियाई फुटबाल संघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप के शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय महिला मेजबान नेपाल के साथ इकाई के रूप में पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम में जोश भरते हुये टीम के कोच सुरेन छेत्री ने मैच की पूर्व संध्या में गुरुवार को कहा कि सप्ताह की शुरुआत निसंदेह हमारे लिये अच्छी नहीं कही जा सकती। बंगलादेश के खिलाफ हार मिलने से हम सभी निराश थे। दरअसल मैदान में गोल करने की भूख हमारी तरफ से गायब थी, मगर हमें कल मेजबान टीम के खिलाफ एक इकाई के रूप में खेलने की जरूरत है। हमें मजबूत होकर लौटना होगा। सेमीफाइनल में नेपाल दो मैचों में जीत के साथ ग्रुप बी की अंकतालिका में छह अंकों के साथ सबसे ऊपर है, जबकि भारत ग्रुप ए में तीन मैचों में इतने ही अंक जुटाकर दूसरे स्थान पर है। पिछली बार इन दोनों टीमों की भिडंत 2019 में नेपाल के पोखरा में दक्षिण एशियाई खेलों में हुयी थी, जिसमें भारत 2-0 से खिताबी जीत हासिल की थी। छेत्री ने कहा, निसंदेह नेपाल एक मजबूत टीम है और उसके पास अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 10 गोल करके अपना आक्रामक पक्ष दिखाया है और हमें अभी देखना है कि उनकी रंक्षा पक्ति कितनी मजबूत है। हमारे पास उन्हें खेलने का पिछला अनुभव है और टीम के हर खिलाड़ी का ध्यान मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

### राष्ट्रीय ब्लाइंड फुटबाल में दिल्ली की कमान संभालेंगे प्रकाश

नयी दिल्ली। चेन्नई में 18 से 20 सितम्बर तक खेली जाने वाली छठी राष्ट्रीय ब्लाइंड फुटबाल चैम्पियनशिप में दिल्ली की टीम का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रकाश चौधरी करेंगे। तमिलनाडु फुटबाल एसोसिएशन की मेजबानी में खेली जाने वाली इस चैंपियनशिप में देश भर की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। दिल्ली की टीम में केनरा बैंक कर्मी प्रकाश चौधरी के अलावा प्रदीप पटेल भी अंतर्राष्ट्रीय ब्लाइंड फुटबाल में भाग ले चुके हैं। टीम इस प्रकार है:- प्रकाश चौधरी(कप्तान), प्रदीप पटेल, नरेंद्र कुमार, विपुल शर्मा, ओम प्रकाश पूर्वे, मोहमद्द शाबिर, अजय कुमार गुप्ता (गोलकीपर), पंकज कुमार सैनी (गोल कीपर), सुशान लाल (गोल गाइड), राकेश पटेल (कोच)।

### अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर महाभियोग चलाने वाले केनेथ स्टार का निधन



ह्यूस्टन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर महाभियोग चलाने वाले सॉलिसिटर जनरल केनेथ स्टार का यहां निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। उनके परिवार ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व न्यायाधीश और अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल स्टार का मंगलवार को टेक्सास के शहर ह्यूस्टन के एक अस्पताल में सर्जरी की जटिलताओं के कारण निधन हो गया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को साल 2020 में महाभियोग से बचाव करने वाली टीम में काम किया था। इसके पहले उन्होंने अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की जांच करने वाले स्वतंत्र वकील के रूप में भी काम किया था। जांच के दौरान स्टार ने सबूत पाया कि क्लिंटन का व्हाइट हाउस इंटर्न में मोनिका लेविंस्की के साथ संबंध थे। इसके परिणामस्वरूप 1998 में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा क्लिंटन पर महाभियोग चलाया गया। बाद में उन्हें सीनेट द्वारा बरी कर दिया गया। दिवगत स्टार ने 'ए मेमॉयर ऑफ द क्लिंटन इन्वेस्टिगेशन' नामक एक उपन्यास लिखा था, इस उपन्यास की बहुत बिक्री हुई थी। इसके बाद, उन्होंने साल 2018 में सीबीएस के एक साक्षात्कार में पुस्तक का प्रचार करते हुए कहा था कि उन्हें जांच के लेविंस्की चरण से 'देश सहित कई लोगों को हुए दर्द' के लिए खेद है।

# बीसीसीआई संविधान संशोधन को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति

एजेंसी




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को अपने संविधान में संशोधन की अनुमति दे दी।

शीर्ष अदालत के इस फैसले से बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली और सचिव जय शाह को अपने-अपने पदों पर अगले तीन साल और बने रहने का रास्ता साफ हो गया।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने बीसीसीआई पर सुनवाई करते हुए उसके द्वारा संविधान में प्रस्तावित संशोधनों की गुहार स्वीकार कर ली। अदालत ने बीसीसीआई का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह और अन्य की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश पारित किया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने बीसीसीआई या राज्य संघ स्तर पर दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं तो ही उसपर कूलिंग-ऑफ अवधि लागू होगी। अदालत ने यह भी कहा कि कूलिंग ऑफ अवधि की आवश्यकता सिर्फ संबंधित स्तर पर लागू होगी। दूसरे शब्दों में, यदि कोई व्यक्ति राज्य स्तर पर दो कार्यकाल पूरे कर लेता है तो कूलिंग ऑफ अवधि की आवश्यकता उसे बीसीसीआई के चुनाव में खड़ा होने से नहीं रोकेगी।

बीसीसीआई के मौजूदा संविधान के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति ने राज्य संघ में एक कार्यकाल (तीन वर्ष) पूरा किया है, तो वह कूलिंग-ऑफ अवधि के अधीन होने से पहले बीसीसीआई में केवल एक कार्यकाल (तीन वर्ष) पूरा कर सकता है।

चूंकि किसी को बीसीसीआई में एक पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए राज्य संघ में पद धारण करना होता है, इसलिए उन्हें हमेशा बीसीसीआई में अपना पहला कार्यकाल पूरा करने के बाद तीन साल की कूलिंग-ऑफ अवधि पूरी करनी होगी। संविधान संशोधन के बाद पदाधिकारियों का कार्यकाल अब अधिकतम 12 वर्ष हो सकता है। वह राज्य संघ स्तर पर तीन वर्ष के दो कार्यकाल के बाद बीसीसीआई में भी तीन वर्ष के भी दो कार्यकाल गुजार सकते हैं।

शीर्ष अदालत द्वारा 2018 में अदालत द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति आर एम लोढ़ा समिति द्वारा सुझाए गए बड़े सुधारों को स्वीकार करने के बाद बीसीसीआई ने बड़े पैमाने पर सुधार किए हैं।


## टी-20 विश्व कप के लिये पाक टीम घोषित, शान मसूद को मिली जगह

लाहौर। आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के लिये पाकिस्तान ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। घुटने की चोट से उबर रहे फखर जमान के स्थान पर बायें हाथ के बल्लेबाज शान मसूद को टीम में शामिल किया गया है जबकि जमान रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर उपलब्ध रहेंगे। मुख्य चयनकर्ता मुहम्मद वसीम ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में टीम का एलान किया। घुटने की चोट से उबरने के बाद स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को 15 सदस्यीय दल में जगह मिली है। अफरीदी एशिया कप में नहीं खेल पाये थे। उनके अगले महीने के शुरू में पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। मांसपेशियों की समस्या से उबर चुके तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम की भी टीम में वापसी हुयी है, हालांकि एशिया कप में उपलब्ध हसन अली और शहनवाज दहानी को वर्ल्ड कप टीम में स्थान नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार टी-20 प्रारूप में शिरकत कर रहे बायें हाथ के बल्लेबाज मसूद ने पीएसएल 2022 में मुल्तान सुल्तान की ओर से खेलते हुये 12 पारियों में 138.15 के स्ट्राइक रेट से 478 रन बनाकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था जबकि हाल ही में राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में मसूद ने आठ पारियों में 129.93 के स्ट्राइक रेट से 204 रन ठोके थे। यहां दिलचस्प है कि ये रन मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुये उनके बल्ले से निकले थे जो मौजूदा पाकिस्तान टीम की कमजोर कड़ी बना हुआ है। आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप से पहले पाकिस्तान टीम अपनी सरजमीं पर 20 सितंबर से इंग्लैंड के साथ सात टी-20 मुकाबलों की श्रृखंला खेलेगी जिसके बाद टीम सात अक्टूबर से न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय टी-20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी जिसमें न्यूजीलैंड के अलावा तीसरी टीम बांग्लादेश होगी। 2009 की विश्वकप विजेता पाकिस्तान को आगामी विश्वकप के लिये ग्रुप बी में जगह मिली है जहां उसका मुकाबला 24 अक्टूबर को चिरप्रतिद्धंदी भारत से होगा। पाकिस्तान की टी-20 विश्वकप टीम इस प्रकार ह : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खन (उपकप्तान), आसिफ अली, हैदर अली, हरीस राउफ, इफ्तिखार अहमद,, खुशदिल शाह, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, नसीम शाह, शाहीन अफरीदी, शान मसूद, उस्मान कादिर।

## मीत हेयर की अर्शदीप को विश्व कप के लिए शुभकामना

चंडीगढ़। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आस्ट्रेलिया में होने वाले ट्वंटी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को चुने जाने पर गुरुवार को मुबारकबाद दी। मंत्री ने अर्शदीप को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देते हुये आशा जताई कि वह अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने चंडीगढ़ स्थित सैक्टर 24 के क्रिकेट ग्राउंड में नौजवान खिलाड़ी से मुलाकात करते उसकी तरफ से थोड़े समय में ही अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर में बेहतरीन प्रदर्शन स्वरूप छोड़ी छाप के लिए बधाई दीं। मीत हेयर ने कहा कि अर्शदीप नौजवानों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं जिसने अपनी सख्त मेहनत और समर्पण भावना के साथ घरेलू क्रिकेट और आई. पी. एल. में अच्छे प्रदर्शन के साथ टीम में जगह बनाई और 11 मैचों के अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में आखिरी (डेथ) ओवरों में टीम का अहम खिलाड़ी बन गया। उन्होंने अर्शदीप को अक्तूबर महीने शुरू होने वाले विश्व कप में अच्छे खेल और भारतीय टीम के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## फेडरर ने किया संन्यास का एलान



नयी दिल्ली। लगभग दो दशक तक टेनिस की दुनिया में चमक बिखेरने के बाद स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने गुरुवार को संन्यास लेने का एलान कर दिया। तेईस सितंबर से इंग्लैंड में होने वाला लेवर कप फेडरर के करियर का आखिरी एटीपी टूर्नामेंट होगा।

फेडरर ने कहा, टेनिस ने वर्षों में मुझे कई उपहार दिये, उसमें सबसे बड़े वे लोग हैं जिन्होंने इस सफर में मुझे प्यार दिया। मेरे दोस्त, मेरे साथ खेलने वाले साथी और प्रशंसक जो खेल को अपना जीवन देते हैं। उनका मैं शुक्रिया अदा करता हूं।

स्विस खिलाड़ी ने कहा कि आगामी लेवर कप का सत्र उनका अंतिम एटीपी टूर्नामेंट होगा। फेडरर ने 24 वर्षों में 1500 से अधिक मैच खेले हैं, हालांकि पिछले तीन साल उनके टेनिस जीवन के लिये काफी संघर्षपूर्ण साबित हुये। फेडरर ने 2003 में सिर्फ 21 साल की उम्र में विंबलडन के रूप में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था जबकि आखिरी बार उन्होंने 2021 के फ्रेंच ओपन में हिस्सा लिया था, जहां वह तीसरे राउंड की जीत के बाद रिटायर हो गए थे। इसके बाद से वह लगातार कोर्ट में वापसी का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए थे। अपने फैंस के नाम चार पेज के बयान में स्टार खिलाड़ी ने संन्यास की वजह लगातार चोट, फिटनेस और उम्र को बताया और कहा, मैं 41 साल का हूं। मैंने 24 साल में 1500 से ज्यादा मैच खेले हैं। टेनिस ने मुझे बहुत प्यार और सम्मान दिया है, मगर अब मुझे समझना होगा, मेरे प्रतिस्पर्धी करियर को समाप्त करने का समय आ गया है। अगले हफ्ते लंदन में लेवर कप मेरा अंतिम एटीपी इवेंट होगा। मैं भविष्य में निसंदेह और अधिक टेनिस खेलूंगा मगर ग्रैंड स्लैम या टूर पर नहीं।

पिछले कुछ वर्षों में, फेडरर ने पुरुष एकल टेनिस में कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं और 103 करियर एटीपी खिताब हासिल किए हैं। 2018 में फेडरर को 36 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज होने के बावजूद विश्व नंबर 1 बनने का गौरव हासिल हुआ। स्विस आइकन ने अपने करियर में 223 युगल मैच खेले हैं। फेडरर ने 2018 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था. इसके बाद वह 2019 के विंबलडन के फाइनल में पहुंचे थे, जहां एक रोमांचक मुकाबले में नोवाक जोकोविच ने उन्हें शिकस्त दी थी।

# उज्बेकिस्तान से आए तैमूर ने भारत में मचाया था आतंक, जानें क्या है समरकंद का इतिहास; दौरे पर जा रहे मोदी

एजेंसी



**ताशकंद।** एससीओ समिट में शामिल होने प्रधानमंत्री मोदी उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद जा रहे हैं। यह बेहद खूबसूरत शहर है और पुरानी मस्जिदों के लिए भी जाना जाता है। ताशकंद से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित शहर समरकंद के नाम का अर्थ होता है पत्थरों का किला। दरअसल उज्बेक भाषा में समर का अर्थ पत्थर और कंद का मतलब किला होता है। भारत के इतिहास में समरकंद का महत्व इसलिए है क्योंकि यहीं से आए एक लुटेरे ने खूब आतंक मचाया था और हिंदुओं का कत्लेआम किया था।

### चंगेज खान और तैमूर लंग ने मचाई थी भारत में तबाही

चंगेज खान और तैमूर लंग उज्बेकिस्तान के ही शासक थे। इन दोनों का ही नाम क्रूर शासकों में गिना जाता है। तैमूर के पोते उज्बेक के नाम पर ही इस देश का नाम उज्बेकिस्तान पड़ा है। 1398 में तैमूर भारत पहुंचा था। वह भारत से धन संपदा लूटना चाहता था और इसलिए किसी भी हद तक जाने को तैयार था। अफगानिस्तान के रास्ते वह भारत पहुंचा और दिल्ली में कत्लेआम किया। वह लगभग तीन महीने तक भारत में रुका था। इस दौरान कई शहरों में उसने लूटपाट की और हिंदुओं का कत्लेआम किया। दिल्ली में चार दिनतक उसने लूटपाट की और उसके जाने के बाद कहा जाता है कि दिल्ली उजड़ सी गई थी।

भारत में लूटपाट और कत्लेआम करने वाले तैमूर को हम भले ही विलेन मांगते हैं लेकिन मध्य एशिया में उसे हीरो और बहादुर लड़ाका माना जाता है। वह एक विस्तारवादी मंगोल शासक था और उसने ईरान, ईराक, तुर्की और सीरिया के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। बताया जाता है कि लूटपाट और साम्राज्य विस्तार के लिए 2 करोड़ लोगों को मौत के घाट उतार दिया। बाद में जब वह चीन पर आक्रमण करने निकला तो उसकी मौत हो गई। उसकी कब्र समरकंद में ही है।

समरकंद सिल्क रूट पर आने वाला शहर है। उज्बेकिस्तान एक मुस्लिम बहुल देश है। समरकंद में बहुत सारी पुरानी मस्जिदें हैं ऐसे में मध्य एशिया के बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। बताया जाता है कि पैगंबर मोहम्मद के चचेरे भाई इब्न अब्बास की कब्र भी समरकंद में ही है। ईसाइयों के लिए भी इस शहर का महत्व है क्योंकि बाइबल में कहा गया है कि सेंट डैनियल भी अपने अंतिम समय में यहीं पहुंचे थे। इसलिए मुसलमान, ईसाई के साथ यहूदी भी यहां आते हैं।

### मकबरों का शहर


समरकंद को मकबरों का शहर कहा जाता है क्योंकि यहां बहुत ही खूबसूरत मकबरे हैं। बताया जाता है कि यहां दो हजार के करीब मकबरे हैं। पर्टयन के स्तर से मशहूर इस शहर में लोग मकबरे देखने आते हैं।

## सूटकेस में बच्चों के शव : द कोरिया में महिला गिरफ्तार

वेलिंगटन/सोल। न्यूजीलैंड पुलिस ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण कोरिया में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है जिस पर दो बच्चों की हत्या करने का आरोप है। उन बच्चों के शव पिछले महीने सूटकेसों में पाए गए थे। न्यूजीलैंड ने उस महिला का प्रत्यर्पण करने के लिए आवेदन किया है। यह एक ऐसा मामला था, जिसने देश को झकझोर कर रख दिया था, बच्चों की लाशों का पता अंजान परिवार ने लगाया जिन्होंने ऑकलैंड में एक भंडारण इकाई से उन सूटकेसों को खरीदा था। शव कई वर्षों तक उस सूटकेसों में रखे हुए थे। पुलिस ने कहा कि मृतकों की उम्र पांच से 10 वर्ष के बीच थी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने दक्षिण कोरिया के अधिकारियों के साथ मिलकर उस महिला की तलाश में पिछले तीन हफ्तों से काम कर रहे थे और उनका मानना था कि वह दक्षिण कोरिया में है।

**पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का छलका दर्द**

# हम 75 साल से कटोरा लेकर भटक रहे, मित्र देश भिखारी समझ रहे...



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश की संकट में फंसी अर्थव्यवस्था की कमजोर तस्वीर पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि मित्र राष्ट्र भी अब पाकिस्तान को ऐसे देश के रूप में देखने लगे हैं जो लगातार पैसे की भीख मांगता रहता है। शरीफ ने कहा कि छोटी अर्थव्यवस्थाओं ने भी पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया है और हम पिछले 75 साल से कटोरा लेकर भटक रहे हैं।

स्थानीय सामाचार पत्र, डॉन न्यूज ने शरीफ का हवाला देते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने बुधवार को वकीलों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था कि आज जब हम किसी मित्र देश में जाते हैं या उन्हें फोन करते हैं, तो वे सोचते हैं कि हम उनसे पैसे मांगने आये हैं। शरीफ के अनुसार, पहले से ही देश की अर्थव्यवस्था एक चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना कर रही थी... अब बाढ़ ने भी इसे और अधिक मुश्किलों में डाल दिया है।

### 30 साल में सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा पाक

नकदी की कमी से जूझ रहा यह देश पिछले 30 वर्षों की सबसे भीषण बाढ़ से भी जूझ रहा है। इस साल जून माह की शुरुआत से बाढ़ के कारण 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है और 3.3 करोड़ लोग इस आपदा से प्रभावित हैं। बाढ़ की वजह से देश की अर्थव्यवस्था को दोहरी चोट लगी है। वहीं देश का एक-तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया। यहां हर सात में से एक व्यक्ति बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित है। बाढ़ से लगभग 78,000 वर्ग किलोमीटर (2.1 करोड़ एकड़) फसल पानी में डूब गई है और करीब 12 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान है। अभी भी कई प्रांतों में लोग राहत शिविरों में शरण लिए हैं। पाकिस्तान की मदद के लिए अमेरिका समेत कई देश आगे भी आए हैं।

### चीन के समाजवाद से प्रभावित जिनपिंग का लेख होगा प्रकाशित

बीजिंग। उज्बेकिस्तान में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन की महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक से कुछ घंटे पहले चीनी मीडिया ने खुलासा किया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक लेख प्रकाशित किया जाएगा जिसमें चीनी विशेषताओं से प्रभावित समाजवाद का प्रचार किया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्री जिनपिंग का यह लेख शुक्रवार को प्रकाशित किया जाएगा। वह चीन के राष्ट्रपति होने के साथ-साथ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव एवं केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। यह लेख 'क्यूसी जर्नल' का इस वर्ष का 18वां अंक का हिस्सा होगा, जो सीपीसी केंद्रीय समिति की एक प्रमुख पत्रिका है।

### स्वीडन में मॉडरेट पार्टी के सरकार बनने की उम्मीद, एंडरसन देंगी इस्तीफा

स्टॉकहोम। स्वीडन में मॉडरेट पार्टी की जीत और सरकार बनने की उम्मीदों के बीच प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे सकती हैं। एंडरसन की पार्टी रविवार को हुए चुनाव की बुधवार देर रात तक 99 प्रतिशत मतगणना के साथ 176 में से 173 सीटें खो चुकी है। अंतिम परिणामों की पुष्टि पुनर्गणना के बाद की जानी है, जो स्वीडन में सामान्य प्रक्रिया है लेकिन इसके बावजूद सुश्री एंडरसन ने हार स्वीकार करते हुए कहा है कि वह आज आधिकारिक रूप से इस्तीफा दे देंगी। एंडरसन स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री है।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की एक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे हैं। राष्ट्रपति के प्रवक्ता सर्गेई न्याकिफोरोव ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि राजधानी कीव में एक यात्री कार श्री जेलेंस्की के वाहन और उनके काफिले से टकरा। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने राष्ट्रपति की जांच की, लेकिन कोई गंभीर चोट नहीं पाई गयी। प्रवक्ता के मुताबिक कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा घटना की जा रही है, हालांकि उन्होंने विस्तृत ब्योरा नहीं दिया है। ज़ेलेंस्की ने बुधवार को उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब, इज़ियम के पुन:कब्जा किए गए शहर का दौरा किया था।

### पाकिस्तान में बाढ़ के बाद डेंगू का कहर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ के बाद अब यहां डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों में बारिश और बाढ़ के कारण अब तक तीन करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं वहीं इस प्राकृतिक आपदा में करीब 1500 लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिणी सिंध प्रांत में डेंगू बुखार के लगभग 3,830 मामले दर्ज किये गये हैं, जिनमें कम से कम नौ लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चिंता जतायी है कि डेंगू से मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव अब्दुल गफूर शोरो ने कहा, सिंध प्रांत में स्थिति बहुत खराब है। डेंगू के मामले प्रतिदिन बढते जा रहे हैँ। हम पूरे प्रांत में चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं।

### यूक्रेन में बांध का लक्ष्य कर मिसाइल हमला, बाढ़ का खतरा

कीव। यूक्रेन में एक बड़े जलाशय को लक्ष्य कर किये गये मिसाइल हमले में बांध के टूट जाने से उत्पन्न बाढ़ के खतरे को देखते हुए क्रिवी रिह में निवासियों को इलाका खाली करने का आग्रह किया गया है। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस को आतंकवादी देश करार देते हुए कहा कि यह हमला उसके (यूक्रेन) जवाबी हमले का प्रतिशोध के रूप में किया गया है। उन्होंने कहा आप कमजोर हैं जो आम नागरिकों और नागरिक सुविधाओं को निशाना बना रहे हैं। जलाशय का कोई सैन्य मूल्य नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि दुशमन देश युद्ध के मैदान से भागकर कहीं दूर से नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# परफैक्ट फिगर के लिए आसन



**आज महिलाएं अपने सौंदर्य के प्रति जागरूक हो गई हैं और खूबसूरती के लिए आकर्षक फिगर होनी जरूरी है अर्थात छरहरे दिखना और 36-24-36 का कर्वी फिगर पाना। पतला दिखने के चक्कर में वे डाइटिंग का सहारा लेती हैं जिससे आकर्षक दिखने की अपेक्षा बीमार नजर आने लगती हैं।**

त्वचा आभाहीन हो जाती है और आंखों के नीचे काले घेरे नजर आने लगते हैं। आकर्षक फिगर का अर्थ है कि आपके शरीर पर अधिक चर्बी न हो। अधिक चर्बी न होने पर आप छरहरी नजर आती हैं और सब के आकर्षण का केन्द्र बन जाती हैं। इसलिए डाइटिंग के जरिए पतली कमर और कर्वी फिगर के सपने को पूरा करने की अपेक्षा योगासनों को अपनाएं, जिनकी मदद से न सिर्फ आप अपने शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम कर सकती हैं, बल्कि इससे आपका शरीर अधिक लचीला और मजबूत होगा। कर्वी फिगर बनाने के लिए शरीर के तीन हिस्सों की टोनिंग पर ध्यान दें-चौड़े कंधे, पतली कमर और कमर के सुडौल निचले हिस्से। इसके लिए आप ऐसे आसनों को रूटीन में करें जो आपके शरीर को परफैक्ट शेप देने में मददगार हो सकते हों।

## भुजंगासन

इस आसन से पेट की चर्बी कम होती है, कमर पतली होती है और कंधे चौड़े व बाजू मजबूत होते हैं। शरीर को लचीला और सुडौल बनाने में इसका बहुत महत्व है।

- पहले पेट के बल सीधा लेट जाएं और दोनों हाथों को माथे के नीचे रखें।
- दोनों पैरों के पंजों को साथ रखें।
- अब माथे को सामने की ओर उठाएं और दोनों बाजुओं को कंधों के समानांतर रखें जिससे शरीर का भार बाजुओं पर पड़े।
- अब शरीर के ऊपरी हिस्से को बाजुओं के सहारे उठाएं।
- शरीर को स्ट्रैच करें और लंबी सांस लें।
- कुछ पल इसी अवस्था में रहने के बाद वापस पेट के बल लेट जाएं।

# सेहत के लिए अनमोल नुस्खे



- सोयाबीन के अधिक सेवन से स्तन कैंसर नहीं होता अतः अपने दैनिक आहार में सोयाबीन के बने पदार्थों का अधिक सेवन करना चाहिए।
- नियमित रूप से जुकाम की शिकायत रहने पर दूब की कोंपलों को तोड़कर उसे चटनी के समान पीस लीजिए और शहद के साथ प्रतिदिन रात्रि में लीजिए। जुकाम एकदम गायब हो जाएगा।
- पेट की किसी भी तरह की शिकायत होने पर गाढ़ा दूध का दलिया, कच्चा नारियल, पेठा व रसगुल्ला खाइए। पेट की बीमारी आपके कब्जे में होगी।
- स्तन पर अनचाहे बालों के होने को गंभीरता से लीजिए। उन्हें काटिए नहीं बल्कि मूंग दाल के उबटन से हल्का-हल्का मसाज करते हुए नियमित प्रयोग से हटा लें। यह ग्रंथि रोग के कारणों से होता है।
- बेर के पत्तों को पीसकर पानी में मथने से जो झाग उठता है, उस झाग को सिर में लगाने से बाल झडने बंद हो जाते हैं।
- अदरक के एक किलो रस में 500 ग्राम तिल का तेल मिलाकर गर्म करिए और जब केवल तेल बचा रहे, उतार कर छान कर बोतल में रखकर बंद कर रख दीजिए। इस तेल से उस अंग पर मालिश कीजिए जहां कहीं भी दर्द होता है।



# रिंग फिंगर से करें वजन कम

**सूर्य और यूरेनस ग्रह ऐसे हैं, जिनसे स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यूरेनस अंतःज्ञान और बदलाव का प्रतीक है। ऐसे में सूर्य मुद्रा हमारे भीतर के अग्नि तत्व को संचालित करती है। अनामिका सूर्य की अंगुली है, जिसे हम रिंग फिंगर भी कहते हैं। इससे वजन कम होता है।**

## सूर्य मुद्रा की विधि

सूर्य की अंगुली को हथेली की ओर मोड़कर उसे अंगूठे से दबाएं। बाकी बची तीनों अंगुलियों को सीधा रखें। इसे सूर्य मुद्रा कहते हैं।

## मुद्रा के लाभ

- इस मुद्रा का रोज दो बार 5 से 15 मिनट के लिए अभ्यास करने से शरीर का कोलेस्ट्रॉल घटता है।
- वजन कम करने के लिए यह आसान क्रिया चमत्कारी रूप से कारगर पाई गई है।
- पेट संबंधी रोगों में भी यह मुद्रा बहुत लाभदायक है।
- यह जठराग्नि को संतुलित करके पाचन संबंधी तमाम समस्याओं से छुटकारा दिलाती है।
- इसे नियमित करने से बेचैनी और चिंता कम होकर दिमाग शांत बना रहता है।
- यह मुद्रा शरीर की सूजन मिटाकर उसे हल्का और चुस्त-दुरुस्त बनाती है।

# ओमेगा-थ्री से बच्चे रहेंगे स्वस्थ





**क्या आप बच्चों को ओमेगा-थ्री देते हैं। अगर नहीं तो आज से ही देना प्रारंभ कर दें। इससे बच्चे न केवल हेल्दी होंगे वरन् उनका संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।**

**हम** जानते हैं कि हमारे शरीर की जरूरत है अच्छे विटामिन की। पर्याप्त ठोस आहार लेने से हमारे शरीर में आवश्यक पोषण पहुंचता है। बच्चों के अच्छे पोषण के लिए मछली के तेल ओमेगा का सेवन बहुत अच्छा रहता है। मछली के तेल की खुराक के लिए अक्सर उनके रक्त में ट्राइग्लिसराइड्स को कम करने और अन्य स्वास्थ्य लाभ अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर में वृद्धि होती है।

## बच्चों के लिए मछली तेल

बच्चों को माता-पिता मछली से उत्पादित कोई भी दवा या अन्य चीज नहीं देते, जिससे उनको संपूर्ण आहार मिल सके। मछली तेल ओमेगा-थ्री से बहुत सारे लाभ हैं।

## एकाग्रता और याददाश्त में सुधार





मछली तेल के उपयोग से बच्चों में एकाग्रता में सुधार होता है। यह तेल बच्चों की स्मृति समस्याओं को दूर हटाने में एक वरदान है। मछली के तेल में ओमेगा-3 एसिड अल्पकालिक स्मृति हानि के जोखिम को कम करता है।

**सीखने की क्षमता बेहतर:** मछली के तेल के सेवन से बच्चों की शिक्षा पर उच्च प्रभाव पड़ता है। उनकी याददाश्त क्षमता तेजी से बढ़ती है।

## रहता है दिमाग स्वस्थ

देश में मछली का तेल बहुतायत मात्रा में आता है। कई नामी गिरामी कंपनियां यह प्रॉडक्ट बेचती हैं। आप डॉक्टर से परामर्श लेकर बच्चों को रोजाना एक से दो चम्मच तेल नाश्ते या खाने में दे सकते हैं। जिससे बच्चे का दिमाग स्वस्थ रहेगा।

## करता है आहार पूर्ति

मछली का तेल पूरे आहार की पूर्ति करता है। चिकित्सकों के अनुसार एडीएचडी-ओमेगा-थ्री स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहतर है।

# कोकीन को दूर हटाता है प्रोप्रानोलॉल


**जानवरों पर किए गए प्रयोग से यह साबित होता दिख रहा है कि उच्च रक्तचाप और अवसाद के मरीजों को दी जाने वाली प्रचलित दवा प्रोप्रानोलॉल कोकीन की लत छुड़ाने में मददगार हो सकती है।**



**मालूम** हो कि कोकीन दुनिया के सबसे खराब नशीले पदार्थों में एक है। इसकी गिरफ्त में आए व्यक्ति को इससे निजात पाने में सालों लग जाते हैं और 80 फीसदी लोग ऐसे होते हैं, जो इसे छोड़ने का प्रयास करने के दौरान छह महीने के भीतर बहुत बुरी स्थिति में पहुंच जाते हैं।

चिकित्सा विज्ञान के मशहूर जर्नल न्यूरोसाइकोफार्माकोलॉजी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा पहली बार साबित हुआ है कि कोकीन के सेवन की आदत से जुड़ी याददाश्तों को चिकित्सकीय उपचार के माध्यम से खत्म किया जा सकता है। इस आदत की याददाश्तों के जेहन में लौटने के कारण ही इसके आदी हो चुके व्यक्ति को इसकी लत की याद आती है और ऐसे वक्त कोकीन नहीं मिलने से उसकी दशा बेहद खराब हो जाती है। इस सम्बंध में जारी शोध में शामिल डेविन म्युलर ने कहा, एफडीए द्वारा मंजूरी प्राप्त दवा कोकीन की लत छुड़ाने के लिए लोगों को दी जाती रही है। यह दवा इस लत को छुड़ाने के लिए तो प्रभावी रही है, लेकिन इससे इस लत को छोड़ने के प्रयास के दौरान जब इसके आदी व्यक्ति की हालत खराब होती है, तब यह दवा बेअसर साबित होती है। दूसरी ओर म्युलर बताते हैं कि प्रोप्रानोलॉल का सकारात्मक प्रभाव कोकीन छोड़ने का प्रयास कर रहे व्यक्ति के शरीर पर दीर्घकाल तक दिखता है। कई मामलों में यह स्थायी भी हो सकता है, क्योंकि इस दवा के नियमित सेवन के बगैर भी मरीज कोकीन के दुष्प्रभावों से निजात पा सकता है।





# पलकों को प्रभावित करता है ब्लेफेरायटिस

**ब्लेफेरायटिस पलकों के किनारे और बरोनियों की केश पुटिका को प्रभावित करता है। ब्लेफेरायटिस एक आम और कभी-कभी लंबा चलने वाला विकार है, जो प्रायः वयस्क व बच्चों को भी प्रभावित कर सकता है। शिकायत होने पर आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।**



**आपकी त्वचा पर** रोससेया या तेल वाली त्वचा पर डेंड्रफ और सूखी आंख से ग्रस्त होते हैं उन्हें इस समस्या होने की ज्यादा संभावना रहती है। पलकों की ग्रंथि जो की बहुत सारा तेल नहीं बना रही हो उनमें ब्लेफेरायटिस जीवाणु का संक्रमण शुरू हो सकता है। यह दशा अत्यधिक संक्रामक नहीं होती है।

## बीमारी का पूर्वानुमान

ब्लेफेरायटिस की ज्यादातर दशा में सुधार तुरंत चालू हो जाता है, अगर एक बार उपचार चालू हो जाए। प्राय: उपचार लंबे समय के लिए चलना चाहिए या समय-समय पर दोहराते रहना चाहिए। ब्लेफेरायटिस दृष्टि में स्थाई नुकसान नहीं करता है।

## सम्भावित अवधि

ब्लेफेरायटिस एक चिरकालिक दशा है, जो स्थाई रूप से इलाज करना मुश्किल है, लेकिन ज्यादतर दशा में सही उपचार लक्षण को नियंत्रित कर देता है और दशा को नियंत्रण में रखता है। साथ ही लक्षण समय के साथ बदलते रहते हैं। लंबे समय के लिए गायब हो सकते हैं, वह भी लौटने से पहले महीनों या सालों लग सकते हैं।

## ऐसे करें बीमारी से बचाव

पलकों की साफ-सफाई ब्लेफेरायटिस के निर्माण में मदद कर सकता है और प्राय: दशा को नियंत्रित कर सकता है। अगर आपको यह शिकायत है तो आप डॉक्टर के परामर्श पर इलाज शुरू कर सकते हैं।

## डॉक्टर से कब सम्पर्क करें

- पलकों या आंख के आसपास की त्वचा में उत्तेजना होने लगे।
- लाल खुजली वाली आंख।
- पलकों के आस पास पपड़ी बन जाए।
- आंखें खुजली करती रहने पर।
- आंखों में लगातार जलन होने पर।
- ऐसा मेहसूस करना कि आपकी आंख में कुछ है, जब आप पलक झपकते हों।
- लाल सूजी सी आंखें होने पर।
- बरोनिया का न होना या बरोनिया का अंदर की तरफ मुड़ना।
- पलकों के किनारे में खुजली होना या किनारे की त्वचा का टूटना।
- अत्यधिक आंसू निकलना।



